## शहर >> अपडेट

### राजभवन में विदाई समारोह

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा 28 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस मौके पर उनके सम्मान में राजभवन में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इससे पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।राज्यपाल ने मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्रा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम कई योजना बनाते हैं लेकिन उसे धरातल पर उतारने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्य न्यायाधीश ने शपथ ग्रहण के बाद बहुत ही अल्प समय में नवनिर्मित झारखंड उच्च न्यायालय में कार्यों को प्रारंभ किया, जिसे हमेशा याद किया जाता रहेगा। किसी के द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की सराहना निश्चित रूप से होनी चाहिए।

**आरोप** आरोप पत्र के जरिए बीजेपी ने हेमंत सरकार पर बोला हमला

# सरकार ने युवा, किसान, मजदूर, महिला, दलित, आदिवासी समाज को केवल धोखा दिया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हेमंत सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने आरोप पत्र जारी कर वर्तमान सरकार की नाकामियों को उजागर करने की कोशिश की है। 19 पृष्ठ के इस आरोप पत्र को गुरुवार 27 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में मीडिया कर्मियों के समक्ष जारी किया गया।इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार के कामकाज की आलोचना करते हुए कहा कि 4 वर्षों के शासन में वर्तमान सरकार ने राज्य के युवा, किसान, मजदूर, महिला, दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज को केवल धोखा दिया है। यह झारखंड के इतिहास में सबसे विफल और भ्रष्ट सरकार साबित हुई है। आरोप पत्र के




जरिए भारतीय जनता पार्टी ने 23 वर्षों के झारखंड में 13 वर्ष तक एनडीए की सरकार रही जिसमें राज्य को विकास के पग पर आगे बढ़ाने का दावा किया गया है। वहीं शेष 10 वर्षों के यूपीए गठबंधन की सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला का आरोप लगाते हुए राज्य को विनाश के रास्ते पर ले जाने का आरोप लगाया है।

आरोप पत्र के मुख्य पृष्ठ पर पीएम मोदी की तस्वीर के साथ पिछले दिनों कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के आवास और कार्यालय से बरामद भारी मात्रा में कैश पर की गई पोस्ट को प्रमुखता से लगाई गई है। मुख पृष्ठ पर फाइल, फोल्डर बॉस की सरकार के 4 साल ठगबंधन मालामाल झारखंड बदहाल प्रमुखता से लिखकर सरकार की आलोचना की गई है। आरोप पत्र का प्रस्तावना प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के द्वारा लिखी गई है जिसमें एक और जहां केंद्र सरकार की उपलब्धियां का बखान किया गया है। वहीं, दूसरी ओर हेमंत सरकार के 4 वर्षों की सफलता का जिक्र करते हुए इस सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया गया है।बीजेपी के आरोप पत्र में जहां राज्य में हेमंत सरकार की आलोचना की गई है वहीं मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को दशार्या गया है। झारखंड में केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा पिछले 9 वर्षों में दिए गए सौगात की बखान करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सरकार की नाकामियों को विस्तार से आरोप पत्र के जरिए जनता के बीच ले जाने की कोशिश की है।

## झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में काफी विकास हुआ:हसन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड राज्य गठन बनने के बाद पहली बार हमारी सरकार ने तेजी से विकास कार्य किए। ढाई साल कोरोना के बाद बीते डेढ़ साल में जो काम हुए हैं, वो अपने आपमें एक रिकार्ड है। हेमंत सरकार का लेखा जोखा की बात करते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि सर्वजन पेंशन, अबुआ आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं को सरकार की बड़ी उपलब्धि है। लेकिन प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के सवाल से बचते हुए मंत्री सफाई देते नजर आए। चार साल में अपने विभाग के द्वारा किये कार्यों का हवाला देते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है और आगामी वर्षों में और बेहतर काम होंगे। ईटीवी भारत से खास बातचीत के दौरान मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन का जनता के बीच जो क्रेज है उसका लाभ 2024 में जरूर मिलेगा।

बंधु तिर्की ने आरएसएस पर आदिवासी समाज को कमजोर करने की साजिश रचने का लगाया आरोप

## रांची में 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से 24 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित डीलिस्टिंग रैली ने राज्य की राजनीति में आदिवासी समुदाय को लेकर नेताओं के बीच खेमेबाजी तेज कर दी है। अब झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य में आदिवासी समुदाय के बीच एकता को कमजोर करने और गोडसे-गोलवरकर की विचारधारा को यहां थोपने की साजिश रची जा रही है। डीलिस्टिंग के नाम पर आरएसएस आदिवासी समुदाय को कमजोर करने की साजिश रच रही है। इसलिए 04 फरवरी 2024 को रांची के मोरहाबादी मैदान में




झारखंड जनाधिकार मंच के बैनर तले होने वाली इस महारैली में गोडसे-गोलवरकर की विचारधारा थोपने की साजिश का पदार्फाश किया जाएगा।बंधु तिर्की ने कहा कि आज जनजाति सुरक्षा मंच पूर्व मंत्री कार्तिक उरांव की बात करता है। लेकिन उन्हें बताना चाहिए कि कार्तिक बाबा आदिवासी समुदाय की शिक्षा के लिए 70 से अधिक स्कूल चलाते थे, जिन्हें यूपीए सरकार तक अनुदान मिलता था, वह अनुदान किसने बंद किया? इसका उत्तर दिया जाना चाहिए। जो लोग जनसांख्यिकीय बदलाव की बात करते हैं, उन्हें बताना चाहिए कि रांची में कई जगहों पर जनसांख्यिकी क्यों बदल गयी है। उसके लिए कौन जिम्मेदार है? पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि कड़िया मुंडा डीलिस्टिंग रैली में बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, उन्हें बताना चाहिए कि वे कई बार सांसद, मंत्री, लोकसभा के उपाध्यक्ष रहे होंगे, लेकिन उन्होंने आदिवासियों के कल्याण के लिए क्या किया। बंधु तिर्की ने कहा कि दरअसल बीजेपी आदिवासियों को कमजोर करने के लिए ये सब कर रही है। आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि आदिवासी समुदाय पर लगातार हमले हो रहे हैं। आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के लिए चल रहे संघर्ष से ध्यान भटकाने की साजिश है, जिसके खिलाफ 04 फरवरी को महारैली आयोजित की जायेगी।

## सात जनवरी को रांची में होगी विशेष उलगुलान बैठक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला की उलगुलान बैठक ब्लॉक परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामनंदन साहू एवं महासचिव भीखराम उरांव ने संचालन किया। बैठक में जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी आंदोलनकारियों को सम्मान रूप से राजकीय मान सम्मान ,अलग पहचान, जीते जी चिन्हित करने ,नियोजन में 100% अधिकार एवं सम्मान राशि 50- 50 हजार रुपया प्रति माह देने में विलंब किए जाने को लेकर चिंता व्यक्त की गई। 7 जनवरी 2023 को रांची में विशेष उलगुलान बैठक होगी। बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड को लूटा जाए और बर्बाद किया जाए



ऐसा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झारखंड को लूट खंड नहीं बनने देगें । इस राज्य को दुनिया का बेहतर राज्य बनाने का दायित्व झारखंड आंदोलनकारियों का है। केंद्र की सरकार हो एवं राज्य की सरकार झारखंड के खनिज संपदा ,वन संपदा, मानव संसाधन, झारखंडियों के एवं आंदोलनकारियों के अधिकारों, झारखंड की लोकतांत्रिक अधिकारों एवं साझी सांस्कृतिक विरासतों को संरक्षण देने में सफल हैं। समता जजमेंट के तहत 26 परसेंट रॉयल्टी का अधिकार झारखंडियों को देने की दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा कोई पहल कदमी नहीं की जा रही है यह सबसे बडी विडंबना है।सायोजक इजहार राही ने कहा कि हम अपने अलग राज्य के मूल्यों व माय माटी की अस्मिता की रक्षा सरकार करें। आंदोलनकारियों के अधिकार समय रहते देने का काम करें। महामंत्री कलिंदर उरांव ने कहा कि झारखंड संघर्ष के बल पर हुआ और संघर्ष के बल पर ही राजकीय मान सम्मान अलग पहचान नियोजन एवं सम्मान राशि मिलेगा। आंदोलनकारी दिलीप पटनायक ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने अधिकारों के लिए एक और आन्दोलन के लिए तैयार रहें। हम अपनी पहचान के लिए लड़े थे और अब आगे भी लड़ने के लिए तैयार रहें।झारखंड आंदोलनकारी अमानत अंसारी ने कहा कि आंदोलनकारियों ने आर्थिक नाकेबंदी कर अपनी ताकत का प्रर्दशन करा चुके हैं। आगे भी झारखंड आंदोलनकारियों का उलगुलान रहा रहेगा।झारखंड आंदोलनकारियों में प्रमुख रूप से ताहीर अंसारी, भीखराम उरांव, फुलदेव भगत सहित अन्य प्रमुख थे।

## लोकसभा चुनाव पर मंथन के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड के नेताओं को बुलाया दिल्ली

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। इंडिया में शामिल दलों के साथ सीट शेयरिंग पर पार्टी का स्टैंड क्या होगा, पार्टी की चुनावी तैयारियां कैसी है और कहां-कहां सुधार की जरूरत है। इसको परखने के लिए दिल्ली में 29 दिसंबर को होने वाली बैठक में झारखंड से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम शामिल होंगे। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के 14 लोकसभा सीट का खाका, इंडिया दल की कमजोरी-मजबूती का पूरा खाका लेकर झारखंड के नेता दिल्ली जायेंगे। मंत्री आलमगीर आलम के पीएस ने फोन पर बताया कि अभी मंत्री आलमगीर आलम पाकुड़ में हैं। 29 दिसंबर को वह सरकार स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दिल्ली चले जायेंगे। झारखंड प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि पार्टी के लिए दिल्ली की बैठक बेहद अहम होने वाली है। वहीं राहुल गांधी की न्याय यात्रा के रूट चार्ट में झारखंड का नाम होने से राज्य के कांग्रेसजन खासा उत्साहित हैं।राहुल गांधी की 14 जनवरी से 20 मार्च तक होने वाली 6500 किलोमीटर की भारत न्याय यात्रा की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि 14 राज्यों में से झारखंड भी एक राज्य है जहां से राहुल गांधी की यात्रा गुजरेगी। ऐसे में यहां की जनता और आम आवाम खासा उत्साहित है।

# झारखंड में धान खरीद की शुरूआत निबंधित किसान 28 दिसंबर से बेच सकेंगे सरकारी दर पर धान

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में धान खरीद की शुरूआत आज (28 दिसंबर) से हो रही है। किसानों से लैम्प्स के माध्यम से धान खरीद किए जाएंगे। गुरुवार 28 दिसंबर को रांची सहित राज्य के सभी जिलों में एक साथ धान खरीद की शुरूआत की जाएगी।रांची में नामकुम स्थित लैंप्स में सुबह 11 बजे कार्यक्रम आयोजित कर धान अधिप्राप्ति की शुरूआत की जाएगी। इस मौके पर स्थानीय विधायक के साथ-साथ प्रखंड प्रमुख एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी और स्टेट एफसीआई के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। नामकुम लैंप्स के मैनेजर नीरज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि धान अधिप्राप्ति की शुरूआत गुरुवार को होगी। निबंधित किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित दर पर खरीद होने वाले धान का मूल्य दिया जायेगा।पिछले साल की तुलना में इस बार केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। ऐसे में किस को 2300रु। प्रति क्विंटल धान का मूल्य मिलेगा। आमतौर पर धान खरीद की शुरूआत हर वर्ष 15 दिसंबर से होती थी, मगर इस बार झारखंड में करीब 13 दिन विलंब से प्रारंभ हो रहा है।सरकार ने इस साल किसानों से 60 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। राज्यभर के सभी लैम्प्स को धान अधिप्राप्ति का केंद्र बनाया गया है। निर्धारित लक्ष्य में 30 लाख 70 हजार नेशनल फूड सेफ्टी के लिए और शेष 29 लाख 30 हजार क्विंटल झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना के लिए धान खरीद होगी। पिछले वर्ष कम बारिश के वजह से धान की पैदावार कम हुई थी, जिसके कारण सरकार ने अपने लक्ष्य को काम करते हुए 36 लाख 30 हजार क्विंटल धान खरीदने का योजना बनाई। मगर उत्पादन में कभी की वजह से 17 लाख 16 हजार 78 क्विंटल ही धान की प्राप्ति हो सकी। इस बार भी कम वर्षा होने की वजह से धान का पैदावार कम हुआ है। ऐसे में सरकार के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना बेहद ही मुश्किल भरा काम होगा।




## पेज एक का शेष

### आठ भारतीय नौसेना अधिकारियों ... .. ..

प्रशिक्षण और संबंधित सेवाएं प्रदान करने वाली एक निजी फर्म के लिए काम कर रहे थे। आठों के परिवारों ने जासूसी के आरोपों से साफ इनकार किया। इस मामले में अगला कदम अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन 2015 के समझौते की शर्तों के तहत, कतर में दोषी ठहराए गए भारतीय कैदियों को शेष सजा काटने के लिए भारत वापस लाया जा सकता है। भारत में दोषी ठहराए गए कतरी नागरिकों के लिए भी इसी तरह का प्रावधान है। सभी आठ पिछले साल अगस्त से जेल में हैं और मार्च में एक संक्षिप्त सुनवाई के बाद 26 अक्टूबर को उन्हें मौत की सजा दी गई थी। उनकी कैद और मुकदमे के दौरान कई बार जमानत से इनकार किया गया।

### राजीव कुमार को राज्य .. .. ..

2011 तक माओवादी आंदोलन को कमजोर करने में एसटीएफ के महत्वपूर्ण योगदान का निरीक्षण किया।
उत्तर प्रदेश के मूल निवासी, श्री कुमार, जो 2009 में एसटीएफ प्रमुख के रूप में कार्यरत थे, को टीएमसी के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव मुकुल रॉय के आरोपों का सामना करना पड़ा। रॉय ने उन पर तत्कालीन रेल मंत्री और टीएमसी नेता ममता बनर्जी को निशाना बनाते हुए वाम मोर्चा सरकार की ओर से फोन निगरानी में शामिल होने का आरोप लगाया। दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज कुमार ने अपनी पुस्तक डायल डी फॉर डॉन में 2001 में अमेरिकन सेंटर हमले और खादिम जूता कंपनी के सीईओ पार्थ प्रतिम रॉय बर्मन के हाई-प्रोफाइल अपहरण मामले के बाद सीआईडी के वरिष्ठ अधीक्षक के रूप में राजीव कुमार की जांच की प्रशंसा की। 2013 में था जब सारदा चिट फंड घोटाला सामने आया था और टीएमसी सरकार भारी दबाव में थी, श्री कुमार ने सारदा समूह के अध्यक्ष सुदीप्त सेन और साझेदार देबजानी मुखर्जी को कश्मीर से गिरफ्तार किया था। श्री कुमार ने एसआईटी जांच का नेतृत्व किया और सत्तारूढ़ सरकार से उनकी निकटता के लिए प्रशंसा और आलोचना दोनों की। नवंबर 2013 में, तत्कालीन बागी टीएमसी सांसद कुणाल घोष, जो वर्तमान में पार्टी प्रवक्ता हैं, को एसआईटी ने गिरफ्तार किया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अब्दुल मन्नान की याचिका पर मई 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने चिट-फंड घोटाले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। अपुष्ट चर्चा इस बात की है कि दरअसल राजीव कुमार ने अपनी विशेषज्ञता की वजह से भाजपा साइबर सेल की गतिविधियों की पूरी जानकारी हासिल कर रखी है। इसी वजह से भाजपा उनसे भयभीत रहती है। लेकिन किसी भी पक्ष में खुलकर इस बारे में कभी कुछ नहीं कहा है।

### पड़ोसी देश सो पलायन भी प्रमुख .. .. ..

लोगों को उपलब्ध कराए गए थे। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि समाज सभी प्रकार के हथियारों से मुक्त रहे। पूर्वी सेना के कमांडर ने कहा कि सशस्त्र बलों ने कई समन्वित अभियान शुरू किए हैं और पिछले पांच महीनों में कई हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। कलिता ने कहा कि म्यांमार में जुंटा और प्रतिद्वंद्वी ताकतों के बीच संघर्ष भारत की सीमा के करीब के क्षेत्रों में फैल गया है।उन्होंने कहा कि जब भी म्यांमार सेना और विरोधी ताकतों के बीच हिंसक गतिविधियां होती हैं, तो सीमा के करीब स्थित गांवों से नागरिक शरण लेने के लिए भारतीय क्षेत्र में आते हैं। सेना कमांडर ने कहा कि उनमें से कुछ हिंसा थमने के बाद लौट जाते हैं, जबकि अन्य वहीं रहना पसंद करते हैं। कलिता ने कहा कि असम राइफल्स द्वारा समर्थित राज्य पुलिस ने उनके बायोमेट्रिक विवरण ले लिए हैं और उनका डेटा संकलित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये चुनौतियाँ भारत और म्यांमार के बीच कठिन इलाकों के कारण बढ़ गई हैं, जिससे सशस्त्र बलों के लिए सीमा के हर इंच पर हावी होना मुश्किल हो गया है।
इस बीच, विस्थापित व्यक्तियों की भलाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम उठाते हुए, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 28 दिसंबर को अपने आधिकारिक आवास पर आयोजित एक बैठक में इसका नेतृत्व किया। विस्थापित व्यक्तियों के कल्याण के लिए किए जा रहे उपाय और राज्य में शांति और सामान्य स्थिति की रक्षा के लिए चल रहे प्रयास। विस्थापित व्यक्तियों को उनकी सहायता और कल्याण के लिए और अधिक वित्तीय सहायता और लाभ प्रदान करने का संकल्प लिया।

### अब अंदर की सजावट .. .. ..


काम कुछ दिनों में शुरू हो जाएगा।
शनिवार को एक और मेगा इवेंट होगा, जब पीएम मोदी मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ-साथ रेलवे स्टेशन के नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। वैसे अयोध्या रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अब अयोध्या धाम कर दिया गया है। एयरलाइंस अयोध्या से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और अहमदाबाद सहित प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें प्रदान करेंगी। हवाईअड्डा एक घंटे में दो-तीन उड़ानें संभालने में सक्षम होगा और शहर की संस्कृति को भी प्रतिबिंबित करेगा। रेलवे स्टेशन के नए टर्मिनल में यात्रियों को शीर्ष स्तरीय सुविधाएं प्रदान करते हुए हिंदू पौराणिक कथाओं का स्पर्श भी होगा।

### शनि के छल्लों पर रहस्यमयी .. .. ..

की रहस्यमय तीलियों का अध्ययन करना जारी रखेंगे ताकि अंततः इस रहस्यमयी छाया की व्याख्या का पता लगाया जा सके। नासा ने कहा, तीलियों के लिए संदिग्ध अपराधी ग्रह का परिवर्तनशील चुंबकीय क्षेत्र है। ग्रहों के चुंबकीय क्षेत्र सौर हवा के साथ संपर्क करते हैं, जिससे विद्युत आवेशित वातावरण बनता है।
पृथ्वी पर, जब वे आवेशित कण वायुमंडल से टकराते हैं तो यह उत्तरी गोलार्ध में ऑरोरा बोरेलिस या उत्तरी रोशनी के रूप में दिखाई देता है। अनिवार्य रूप से, खगोलविदों को संदेह है कि इस गतिविधि से छोटे कण चार्ज हो सकते हैं, जिससे वे आसपास की सामग्री से कुछ समय के लिए ऊपर उठ सकते हैं और एक स्पष्ट उभार बना सकते हैं। शोधकताओं को उम्मीद है कि वायेजर 2 और कैसिनी मिशन द्वारा एकत्र किए गए अवलोकनों के आधार पर हब्बल डेटा एक बार और सभी के लिए सिद्धांत को साबित या अस्वीकृत कर देगा। वैसे अचानक से इस किस्म की स्पोक नूमा छाया ने एक बार फिर से हब्बल की उपयोगिता साबित कर दी है।

### रूसी सेना के करीब नेपाली .. .. ..

नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सूद ने कहा कि उन्होंने इन नेपाली युद्धबंदियों को रिहा करने के लिए यूक्रेन सरकार से भी संपर्क किया है। नेपाल की सरकारी समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में विदेश मंत्री एनपी सऊद ने कहा, रूसी सेना में शामिल हुए 200 नेपालियों में से करीब 100 नेपालियों के लापता होने की खबर है। इसके अलावा कहा जाता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भाग लेने से सात नेपालियों की मौत हो गई थी। इस मामले पर चर्चा के लिए नेपाल में रूसी राजदूत को विदेश मंत्रालय में बुलाया गया। विदेश मंत्री ने नेपाल की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी को बताया, 'लगभग 200 नेपाली युवा जो विदेशी रोजगार वीजा, शिक्षा वीजा और विजिट वीजा के माध्यम से रूस गए थे।
ऐसा माना जाता है कि वे रूसी सेना में शामिल हो गये। एनपी सऊद ने आशंका जताई कि रूसी सेना में शामिल होने वाले नेपालियों की संख्या और भी अधिक हो सकती है। इसके अलावा यूक्रेन में रूस के लिए हुए युद्ध में कम से कम चार नेपालियों को यूक्रेन ने पकड़ लिया है। नेपाल के विदेश मंत्री ने कहा कि उनके बचाव के लिए यूक्रेन सरकार से संपर्क किया जा रहा है। यूक्रेन में पिछले साल फरवरी में शुरू हुए युद्ध से रूसी सेना को काफी नुकसान हुआ है। युद्ध की शुरूआत में हजारों रूसी सैनिक मारे गए। इसे देखते हुए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके सांसदों ने रूसी कानून में कुछ बदलाव किए। विदेशियों के लिए सेना में शामिल होना आसान और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कानूनों में संशोधन किया गया। भारी वेतन से लेकर रूसी नागरिक बनने की प्रक्रिया को सरल बनाने तक, विभिन्न लाभों की पेशकश की जाती है। ऐसा माना जाता है कि नेपाल के बेरोजगार युवा ऐसे आकर्षक लाभों के कारण रूसी सेना में शामिल होते हैं।



29:12:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 353 epaper.rashtriyakhabar.com पौष, कृष्णपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं वीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

भावार्थ : बाणों द्वारा शरीर में लगे घाव भर जाते हैं। कुल्हाड़े द्वारा काट दिये गये वन भी पुनः हरे भरे हो जाते हैं, परंतु वाणी का भयंकर घाव कभी नहीं भर पाता।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 24.00 °c | 11.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .11 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .28 बजे

## कमांडर मौसावी की मौत का बदला लेंदे

**तेहरान:** ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ सलाहकार सैयद रजी मौसवी सीरिया में इजरायली हवाई हमले में मारे गए थे। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने गुरुवार को रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ सलाहकार सैयद रजी मौसवी के अंतिम संस्कार में प्रार्थना का नेतृत्व किया। बता दें मौसवी ईरान ने सीरिया में इजरायली हवाई हमले में मारे गए थे। सरकारी टेलीविजन ने कहा कि खामेनेई ने इस शहीद के अथक संघर्ष को श्रद्धांजलि अर्पित की। सलामी ने टेलीविजन पर प्रसारित भाषण में कहा, सैय्यद रजी की शहादत का हमारा बदला जायोनी शासन को हटाने से कम पर पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मोसावी लगभग 33 वर्षों तक मुस्लिम राष्ट्र की रक्षा की थी। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही, ईश्वर की अनुमति से, महान और सम्माननीय फि लिस्तीनी लड़ाके इस दुष्ट और नकली शासन का भौगोलिक और राजनीतिक नाम मिटा देंगे।

## शाह महमूद कुरैशी को धक्का देकर ले गयी पुलिस

**इस्लामाबाद:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, पीटीआई ने कहा कि सिफर मामले में जमानत पर रिहा होने के बाद कुरैशी को अदियाला जेल के बाहर से फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी के साथ पुलिसकर्मियों ने दुर्व्यवहार किया है। उन्हें धक्के मारकर ले जाते हुए देखा गया है। कुरैशी की बेइज्जती का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि पुलिसकर्मी अपने पूर्व विदेश मंत्री के साथ बदसलूकी कर रहे हैं। वीडियो में पुलिसकर्मी अदियाला जेल के बाहर कुरैशी को धक्का देते हुए देखे जा सकते हैं।

## ईडी की चार्जशीट में अब प्रियंका का भी नाम

**नईदिल्ली:** मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट में पहली बार प्रियंका गांधी के नाम का भी जिक्र किया है। हालांकि, उनका नाम आरोपी के तौर पर दर्ज नहीं किया गया है। ईडी की चार्जशीट में प्रियंका के नाम का उल्लेख जमीन खरीद के आरोपी से जुड़े होने के संदर्भ में किया गया है। इस चार्जशीट में प्रियंका के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा के नाम का जिक्र भी है। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक संजय भंडारी के एक कथित सहयोगी सीसी थम्पी ने दिल्ली-एनसीआर के रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा के माध्यम से 2005 से 2008 तक हरियाणा के फरीदाबाद जिले के गांव अमीपुर में 486 एकड़ जमीन खरीदी। रॉबर्ट वाड्रा ने 2005-2006 तक एचएल पाहवा से अमीपुर में 334 कनाल (40।08 एकड़) जमीन के 3 टुकड़े भी खरीदे और दिसंबर 2010 में उसी जमीन को एचएल पाहवा को बेच दिया।

## पुतिन ने पीएम मोदी को दिया रूस आने का न्योता

**मॉस्को:** विदेश मंत्री जयशंकर इस समय रूस की पांच दिनों की यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। पुतिन ने बड़ी गर्मजोशी के साथ जयशंकर से मुलाकात की और प्रधानमंत्री मोदी को अगले साल रूस आने का न्योता दे दिया। इस मुलाकात के दौरान पुतिन ने जयशंकर से कहा कि हम हमारे अजीज दोस्त प्रधानमंत्री मोदी से मिलना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि वो जल्दी ही रूस आएं। प्लीज उन्हें बताएं कि हम उन्हें यहां आमंत्रित करना चाहते हैं। इस दौरान पुतिन ने कहा कि मैं जानता हूं कि अगला साल चुनावों के लिहाज से भारत के लिए बहुत व्यस्त रहने वाला है। अगले साल भारत में आम चुनाव हैं। हम चाहते हैं कि चुनाव में हमारे दोस्त की जीत हो।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राहत** प्रधानमंत्री मोदी के कूटनीतिक प्रयासों का नतीजा निकला

# आठ भारतीय नौसेना अधिकारियों को राहत

- फांसी की सजा रोके जाने की सूचना
- उनके परिवारों ने राहत की सांस ली
- कतर से अगली सूचना का इंतजार है

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** कतर में मौत की सजा पाए 8 भारतीय नौसेना के दिग्गजों के लिए बड़ी राहत मिलने की सूचना है। इन आठ पूर्व नौसेना कर्मियों के परिवारों, जिनमें से सभी बहुत सम्मानित हैं और कुछ ने प्रमुख भारतीय युद्धपोतों की कमान संभाली है, ने जासूसी के आरोपों से साफ इनकार किया। अक्टूबर में कतर की एक अदालत ने आठ पूर्व नौसेना कर्मियों को मौत की सजा सुनाई - अभी तक अज्ञात आरोपों के लिए - कम सजा का सामना करना पड़ेगा, भारत सरकार ने आज दोपहर कहा। कम की गई शर्तों के बारे में विवरण अस्पष्ट है क्योंकि निर्णय अभी तक जारी नहीं किया गया है। भारत सरकार ने कहा है कि वह अगले कदम पर निर्णय लेने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ निकट संपर्क में है। हम शुरू से ही उनके साथ खड़े हैं, और हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम कतरी अधिकारियों के साथ भी इस मामले को उठाना जारी रखेंगे। गिरफ्तार किए गए कर्मियों में पूर्णेंदु तिवारी, सुगुनाकर पकाला, अमित नागपाल और संजीव गुप्ता हैं, जो कमांडर हैं, और नवतेज सिंह गिल, बीरेंद्र कुमार वर्मा और सौरभ वशिष्ठ, जो कैप्टन हैं। आठवां नाविक रागेश गोपाकुमार है। उन पर लगे आरोपों को कभी सार्वजनिक नहीं किया गया। वैसे सिर्फ इस सूचना से भी गिरफ्तार नौसेना अधिकारियों के परिवारों में राहत का माहौल है क्योंकि सभी की फांसी रद्द हो गयी है। अब कतर की अदालत में उन्हें कितने समय के जेल की सजा सुनायी जाती है और उस कारावास का तौर तरीका क्या होगा, इस पर अगली सूचना की प्रतीक्षा है। फिर भी इस एक उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कूटनीतिक प्रयासों में से एक माना जा रहा है।

उनमें से कई अत्यधिक सम्मानित सैन्यकर्मी हैं, जिन्होंने एक बार भारतीय युद्धपोतों की कमान संभाली थी, और कतर के सशस्त्र बलों को

›› पेज 2 भी देखें



**पिछले महीने, कतरी अदालत ने उस अपील को स्वीकार कर लिया**

एक अपील तुरंत दर्ज की गई और, पिछले महीने, कतरी अदालत ने उस अपील को स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार होने के समय आठों लोग दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए काम कर रहे थे। मौत की सजा में बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दुबई में सीओपी 28 शिखर सम्मेलन के मौके पर कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात के कुछ हफ्ते बाद हुआ है। बातचीत का विवरण कभी सार्वजनिक नहीं किया गया, लेकिन ऐसी अटकलें थीं कि यह मुद्दा उठाया गया था। कतर में इनलोगों का काम प्रशिक्षण देना था। जिस क्रम में इन सभी पर आरोप लगा था कि वे दरअसल इजरायल के लिए जासूसी कर रहे थे।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले ममता बनर्जी की दूसरी चाल

# राजीव कुमार को राज्य का डीजीपी बनाया

- जासूसी के माहिर अफसर माने जाते हैं
- ममता ने उनके समर्थन में आंदोलन किया
- सीबीआई मामला भी अब ठंडे बस्ते में गया



**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता:** खुफिया निगरानी और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के विशेषज्ञ पुलिस अधिकारी राजीव कुमार को ममता बनर्जी ने राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है। वह पहले भी सारदा कांड के नाम पर केंद्र सरकार के निशाने पर आ चुके थे। याद दिला दें कि 2009 में राजनीतिक बदलाव की बयार के बीच टीएमसी ने कोलकाता पुलिस के एसटीएफ प्रमुख पर तत्कालीन रेल मंत्री ममता बनर्जी के फोन की निगरानी करने का आरोप लगाया था. एक दशक बाद 2019 में, बनर्जी ने सारदा चिट फंड मामले में उसी आईपीएस अधिकारी की भूमिका की सीबीआई जांच का विरोध किया। 27 दिसंबर, 2023 को, आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार को टीएमसी सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल पुलिस के नए महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (डीजी और आईजीपी) के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्तमान में राज्य आईटी विभाग के प्रधान सचिव, श्री कुमार (57) को बनर्जी का करीबी माना जाता है और वे अपनी जांच और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी कौशल के लिए जाने जाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के पसंदीदा अधिकारी रहे श्री कुमार का उत्थान विवादों और प्रशंसा दोनों से चिह्नित है।

आईआईटी रूड़की से इंजीनियरिंग की डिग्री के साथ 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी, श्री कुमार ने कोलकाता पुलिस के आयुक्त, संयुक्त आयुक्त (विशेष कार्य बल), और महानिदेशक (सीआईडी) जैसे प्रमुख पदों पर कार्य किया। एक अन्वेषक और एक दुर्जेय सूचना नेटवर्क के रूप में अपनी कुशलता के लिए प्रसिद्ध, उन्होंने लालगढ़ आंदोलन के एक महत्वपूर्ण व्यक्ति छत्रधर महतो को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 2009 से

›› पेज 2 भी देखें

पूर्वोत्तर के युद्धरत समूहों के पास अत्यधिक हथियार है: ले. जनरल कलिता

# पड़ोसी देश से पलायन भी प्रमुख चुनौती

- म्यांमार सीमा के इलाकों के कारण परेशानी
- मुख्यमंत्री ने विस्थापितों पर की विस्तृत चर्चा
- समाज को हथियार मुक्त कराने का काम जारी

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी :** पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता ने कहा कि मणिपुर में युद्धरत समूहों के पास बड़ी संख्या में आग्नेयास्त्रों की उपलब्धता और म्यांमार में अस्थिरता के कारण पड़ोसी देश से लोगों की आमद संघर्षग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाल करने में प्रमुख चुनौतियां हैं। ले. जनरल कलिता ने कहा कि जब तक युद्धरत कुकी और मैतेई समुदायों के सदस्यों के पास आग्नेयास्त्र उपलब्ध होंगे, तब तक स्थिति किसी भी समय भड़क सकती है। पूर्वी सेना कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता, जो सेवानिवृत्त होने वाले हैं, ने कहा, दोनों समुदायों के पास हथियारों की उपलब्धता, चाहे वे मणिपुर पुलिस शस्त्रागार से चुराए गए हों या म्यांमार से प्राप्त किए गए हों, एक चुनौती बनी हुई है।

कलिता ने कहा कि सशस्त्र बलों का कर्तव्य हिंसक गतिविधियों की अनुपस्थिति सुनिश्चित करना है। उन्होंने उल्लेख किया कि इस कर्तव्य को मणिपुर में सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जहां कुकी और मेइतेई के बीच जातीय संघर्ष के कारण इसे बुलाया गया था। उन्होंने कहा, हमें उन सभी हथियारों को बरामद करने की जरूरत है जो पुलिस शस्त्रागार से चुराए गए थे या जो विभिन्न स्रोतों से

›› पेज 2 भी देखें

पाकिस्तान की हिंदू लड़की चुनाव में पहली बार

## पेशा डाक्टरी और नशा राजनीति



**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान में हिंदू लड़की सबीरा चुनावी मैदान में उतरकर इतिहास रचने की राह पर है। इन दिनों सबीरा को मालूम होगा, इतिहास में उनका नाम लिखा जा सकता है। क्योंकि, अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह पाकिस्तान की पहली महिला होंगी, जो रुढ़िवादी क्षेत्र कहे जाने वाले खैबर पख्तूनख्वा के बुनेर जिले से चुनाव लड़ेंगी। निर्वाचित या नामांकित होने पर यह युवा हिंदू महिला पाक नेशनल असेंबली की सदस्य भी बन जाएगी। साबिरा प्रकाश, पेशे से डॉक्टर, पिता का नाम ओम प्रकाश है। वह एक सेवानिवृत्त डॉक्टर हैं। एक राजनेता भी। ओम प्रकाश पिछले 35 वर्षों से बेनजीर-बिलाबल भुट्टो की पार्टी पीपीपी के सक्रिय सदस्य हैं। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव. ओम प्रकाश की बेटी सबीरा ने वह चुनाव लड़ने के लिए बुनेर जिले की पीके-25 सीट से 23 दिसंबर को अपना नामांकन फॉर्म जमा किया है। पाकिस्तान के आम चुनाव में एक ही सीट के लिए एक ही राजनीतिक दल के कई नेता नामांकन दाखिल कर सकते हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक व्यक्ति को अंतिम उम्मीदवार के रूप में चुना और बाकी ने अपना नामांकन वापस ले लिया। सबीरा को उम्मीद है कि पार्टी नेतृत्व आखिरकार उन्हें अंतिम उम्मीदवार के रूप में टिकट देगा। पाकिस्तानी मीडिया सूत्रों के मुताबिक, नेशनल असेंबली में तीन तरह की सीटें होती हैं। सामान्य सीटें, महिला सीटें और अल्पसंख्यकों (हिंदू, ईसाई, पारसी, सिख) के लिए आरक्षित और सीटें आरक्षित हैं। जो पार्टी सामान्य सीटों की संख्या पर कब्जा करेगी उसे आरक्षित सीटें मिलेंगी। वे आरक्षित सीटों पर अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को नेशनल असेंबली में भेज सकते हैं।

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य लगभग पूरा

# अब अंदर की सजावट जल्द शुरू होगी

**राष्ट्रीय खबर**



**अयोध्या:** अयोध्या में बहुप्रतीक्षित राम मंदिर के उद्घाटन में एक महीने से भी कम समय रह गया है और शहर में काम में तेजी आ रही है। यहां तक कि देश भर से भक्तों ने मंदिर परिसर के निर्माण को देखने के लिए पहले से ही साइट पर आना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नवनिर्मित हवाई अड्डे के साथ-साथ रेलवे स्टेशन के नए टर्मिनल का उद्घाटन करने के लिए अयोध्या में होंगे। पत्रकारों के एक दल ने अयोध्या का दौरा किया और पाया कि राम मंदिर के पहले चरण में निर्माण गतिविधियां जोरों पर हैं, जिसके कुछ दिनों में पूरा होने की उम्मीद है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पहले उसकी सफाई होगी और उसके बाद सजावट का काम शुरू होगा। यह स्थल राजस्थान के भरतपुर जिले से लाए गए मकराना संगमरमर और अन्य स्थानों से लाए गए पत्थरों से युक्त है, जिनका उपयोग भव्य मंदिर के निर्माण में किया जा रहा है।

22 जनवरी को अभिषेक समारोह में शामिल होने के लिए लगभग 8,000 गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है और साइट पर काम करने वाले 15 प्रतिशत लोगों को भी निमंत्रण मिलेगा। एक मजदूर ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। हम यहां एक साल से काम कर रहे हैं। अगर 22 जनवरी को हमें बुलाया जाएगा तो हम जरूर शामिल होंगे। समारोह के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा है कि सजावट का

›› पेज 2 भी देखें

**खगोल विज्ञान** हब्बल टेलीस्कोप अब भी अंतरिक्ष अनुसंधान में मददगार

# शनि के छल्लों पर रहस्यमयी छाया का पता चला

- यह क्या है इस पर अब तक राय नहीं
- बाहरी छल्लों के साथ साथ घूम रही है
- शायद चुंबकीय आवेश की वजह से है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** हब्बल स्पेस टेलीस्कोप ने शनि के छल्लों पर रहस्यमय छाया की एक नई छवि खींची है। इसे देखकर खगोल वैज्ञानिक फिर से चकित है। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, नासा द्वारा गुरुवार को जारी समग्र तस्वीर, हब्बल द्वारा 22 अक्टूबर को ली गई थी जब शनि लगभग 850 मिलियन मील (1.37 बिलियन किलोमीटर) दूर था। अंतरिक्ष वेधशाला तीन दशकों से अधिक समय से सतह से केवल कुछ सौ मील ऊपर पृथ्वी की परिक्रमा कर रही है। खगोलशास्त्री लंबे समय से शनि के छल्लों पर उलझी हुई तीलियों के बारे में जानते हैं, जो छल्लों के साथ-साथ घूमती हुई आकृतियों की तरह दिखती हैं और ग्रह अपने कक्षीय चक्र में कहां है, इसके आधार पर विभिन्न स्थानों पर देखी जा सकती हैं।

समय के साथ, अवलोकनों से पता चला है कि शनि के मौसमी चक्र के आधार पर तीलियों की संख्या और उपस्थिति भिन्न हो सकती है। पृथ्वी के समान, ग्रह में झुकाव वाली एक धुरी है जो मौसमी परिवर्तन का कारण बनती है, हालांकि नासा के अनुसार, शनि पर प्रत्येक मौसम लगभग सात साल तक रहता है। हब्बल चरम गतिविधि पर अस्पष्टीकृत घटना का निरीक्षण करने के लिए तैयार है क्योंकि शोधकर्ताओं का लक्ष्य हब्बल के हालिया अवलोकन इस वर्ष की शुरूआत में तीलियों की उपस्थिति के कारणों की पहचान करने के लिए नए सिरे से किए गए प्रयास के हिस्से के रूप में हुए। नासा के अनुसार, छवियों में तीलियाँ छोटी दिखाई दे सकती हैं, लेकिन वे वास्तव में चौड़ाई और व्यास में पृथ्वी से बड़ी हो सकती हैं। वैज्ञानिक अंततः 2025 विषुव तक शनि

›› पेज 2 भी देखें

**प्रमुख वैज्ञानिक एमी साइमन ने कहा**

हब्बल के आउटर प्लैनेट एटमॉस्फियर लिगेसी या ओपीएएल कार्यक्रम के प्रमुख वैज्ञानिक एमी साइमन ने कहा, हम शनि विषुव की ओर बढ़ रहे हैं, जब हम अगले कुछ वर्षों में उच्च आवृत्ति और गहरे रंग की स्पोक्स के साथ अधिकतम स्पोक गतिविधि की उम्मीद करेंगे। साइमन ग्रीनबेल्ट, मैरीलैंड में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर पर आधारित है। शनि का शरद विषुव 6 मई, 2025 को होने की उम्मीद है। नासा वोयाजर 2 अंतरिक्ष यान ने 1980 के दशक में तीलियों का पहला साक्ष्य प्राप्त किया। और कैसिनी मिशन, एक समर्पित शनि जांच, ने 2000 के दशक के अंत में अपने मौसमी चरम के दौरान स्पोक घटना का अवलोकन किया।

रोजगार की वजह से भागकर यूक्रेन मोर्चे पर गये थे

# रूसी सेना के करीब नेपाली युवक लापता

**राष्ट्रीय खबर**



**काठमांडू:** नेपाल में चर्चा है कि लगभग 200 नेपाली नागरिक नौकरी, अध्ययन और पर्यटक वीजा पर रूस की यात्रा करने के बाद रूसी सेना में शामिल हो गए हैं। यह जानकारी नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने राष्ट्रीय समाचार एजेंसी को दी। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार, रूसी सेना में सात नेपाली युद्ध के मैदान में मारे गए। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय को सौंपे गए आवेदनों से पता चलता है कि वहां जाने वाले लगभग 100 नेपाली या तो लापता हैं या घायल हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल में रूसी राजदूत को पहले ही बुलाकर इस संबंध में चर्चा की जा चुकी है। उन्होंने आशंका जताई कि रूसी सेना में शामिल होने वाले नेपालियों की संख्या इससे भी अधिक हो सकती है। इसके अलावा, यूक्रेन में रूस के लिए लड़ते हुए कम से कम चार नेपालियों को यूक्रेन ने पकड़ लिया है।

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

### गुलाम अहमद मीर को कांग्रेस ने दी बधाई

**बेरमो** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के तौर पर जम्मू कश्मीर के पूर्व अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर को नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस के युवा नेता सह यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गोमीया विधानसभा मुर्शिद अली ने गुलाम अहमद मीर को मुबारकबाद दी है और कहा कि गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व काा लाभ झारखंड कांग्रेस को अवश्य मिलेगा ।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कुडू प्रखण्ड के पंडरा एवं उडुमुडू पंचायत में कार्यक्रम आयोजित

**कुडू** : हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत कल दिनांक 28.12.2023 को कुडू प्रखण्ड के पंडरा एवं उडुमुडू पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पंडरा पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाह्न और उडुमुडू पंचायत में अपराह्न में किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के योजनाओं की जानकारी एलईडी वैन के माध्यम एवं पदाधिकारियों द्वारा आमजनों को दी जाएगी।

### अधिवक्ता चंदू विश्कर्मा का अचानक हृदय घात

**तेनुघाट** : तेनुघाट अधिवक्ता संघ के द्वारा तेनुघाट सिविल कोर्ट मे प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ता चंदू विश्कर्मा का अचानक हृदय घात हो गया था जिसका इलाज करवाने के बाद तेनुघाट अपने आवास आगये। वहीं आज अधिवक्ता संघ के द्वारा अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो, अधिवक्ता द्वारिका नाथ तिवारी, अधिवक्ता चंद्रशेखर डिसुजा, तेजू करमाली ओर अनिल कुमार राजू ने बिमार अपने सहपाठी चंदू विश्कर्मा को इलाज के लिए आठ हजार रुपए दिया गया साथ ही उनके जल्द ठीक होने की कामना किये।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हाईवा के कारण पांच घंटा रेलवे क्रॉसिंग रहा जाम

**बेरमो** :बेरमो के बोकारो थर्मल रेलवे क्रॉसिंग में अहले सुबह खाली हाईवा गाड़ी संख्या खल्ड93अ-0271अचानक सुबह रेलवे क्रॉसिंग पार करने के दौरान हाईवा का जक खड़ा हो गया और लगभग 30 फीट की ऊंचाई में बेरियर लगे लोहे की बीम को मारा,बीम गिरकर ड्राइवर के केबिन स्थित चेचिस पर गिरा जिससे कोई बड़ी घटना नहीं घटी,अगर वह लोहे का भारी भड़कम बीम ड्राइवर के केबिन में गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। वही दूसरी ओर इस घटना के कारण सड़क यातायात लगभग 5 घंटे तक बाधित रहा,सुबह पाली कार्य पर जा रहे मजदूर अधिकारी घंटो जाम में फंसे रहे। काफी मशक्कत के बाद रेलवे क्रॉसिंग जाम को सुचारू किया जा सका।

### अधिवक्ता संघ तेनुघाट ने की जिला की मांग को लेकर अहम बैठक

तेनुघाट : बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान मे आयोजित अनिश्चित कालीनधरना के 22वें दिन जारी रहने के बाद सरकार के द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं किये जाने के कारण आज अधिवक्ता संघ बेरमो तेनुघाट के द्वारा कामेश्वर मिश्रा के अध्यक्षता मे बैठक की गई जिसमें अधिवक्ता संघ के सभी सदस्य बैठक मे उपस्थित होकर अपने अपने विचार दिया की बेरमो को जिला का दर्जा कैसे मिले। वही अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद ने बताया की जब बेरमो जिला की सभी अहर्ता रखता है तो फिर सरकार इस पर विचार क्यों नहीं करती है। इससे छोटे - छोटे अनुमडल जिला बन गया है। जबकि बेरमो मे सभी प्रकार की खनिज सम्पदा भरा पड़ा है। वहीं संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा ने कहा की गाँधी वादी तरीके से सरकार यदि हमरी मांग को अमल मे नहीं लाई।

**विरोध** तेनुघाट अनुमंडल कार्यालय के समक्ष जिला बनाओ संघर्ष समिति का आंदोलन जारी

# बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर धरना जारी

▶▶ बेरमो को जिला बनाया जाता है तो हमारे गरीब लोगो के लिए आसान हो जायेगा



राष्ट्रीय खबर

**तेनुघाट** : बेरमो जिला मांग को लेकर 23वां दिन भी धरना जारी रहा। मालूम हो कि तेनुघाट स्थित अनुमंडल कार्यालय के समीप बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले समिति के संयोजक संतोष नायक को धरना स्थल पहुंच कर पूर्व मुखिया सीमा देवी ने अपने सार्थको के साथ जन समर्थन दिया। सीमा देवी नेबताया की अधिवक्ता संघ के तत्वाधान मे जो जिला की मांग की जा रही है वह सही है।

उन्होंने बताया की यदि बेरमो को जिला बनाया जाता है तो हमारे गरीब -गुरबे, किसान- मजदूर, विकलांक- असहाय लोगो के लिए आसान हो जायेगा। जब की एक दो प्रखंड को छोड़ कर, सभी प्रखंडो के लिए आसान हो जायेगा लोग जल्द जिला जाकर अपने कार्यों को कर के आसानी से अपने घर पहुँच सकते है। वही समर्थन मे आयी सभी महिलाये ने एक ही नारा सरकार के खिलाफ लगाई की हमें जिला दो या जेल दो, नारी शक्ति जाग उठी है। वहीं प्रत्येक दिन अलग अलग जगहों के लोग धरना स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थित दर्ज करा रहे है और धरने पर बैठे नायक जी का हौसला बढ़ा रहे हैं। वही बेरमो जिला संघर्ष समिति के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, सचिव वकील प्रसाद महतो धरने पर बैठे संतोष कुमार नायक का पूरा ध्यान रखे हुऐ है। इस मौके पर राजकुमार यादव, हमीद अंसारी, सुधीर कुमार महतो, महादेव महतो, बिंदिया देवी, वैष्णो रानी, कौलेश्वर रविदास, अरविन्द कुमार नायक, विकाश जैन पूर्व उपमुखिया, विमल प्रसाद नायक, अमित किशोर, विजय कुमार महतो, रुपकिशोर महतो, रमेश कुमार गुप्ता, निरंजन महतो, शालीग्राम प्रसाद, महुआ कारक, शरण राम, बासु डे,विनोद कुमार गुप्ता, निरंजन महतो, शिव कुमार वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## चंदलासो एवं ककरगढ़ में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर



**लोहरदगा**:हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन आज कुडू प्रखण्ड के चंदलासो एवं ककरगढ़ पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गई।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया (स्श्अटक्ळश्अ) आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। उपस्थित जनसमूह में नववर्ष का कैलेंडर तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित बुकलेट का शुभारंभ किया गया।

## केबी कॉलेज बेरमो में कैरियर गाइडेंस एवं कोचिंग सेंटर प्रारंभ

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** :केबी कॉलेज बेरमो में कैरियर गाइडेंस एंव कोचिंग सेंटर की शुरूआत की गई है। कॉलेज मे कैरियर गाइडेंस एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग सेंटर प्रारंभ करने का सुझाव पूर्व मे बेरमो अंचलाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने दिया था।

उन्होंने इस संबंध में हरसंभव मदद करने की बात कही है। अंचलाधिकारी के सुझाव के आधार पर प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने कैरियर गाइडेंस एवं कोचिंग सेंटर प्रारंभ कर रहे हैं ताकि बेरमो अनुमंडल के छात्र छात्राओं का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं मे हो सके व उन्हें शिक्षा के साथ साथ आत्मनिर्भर भी बनाया जा सके।

प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा के आदेशानुसार, कैरियर गाइडेंस एवं कोचिंग सेंटर के कॉर्डिनेटर डॉ साजन भारती एवं सब कॉर्डिनेटर डॉ प्रभाकर कुमार बनाए गए हैं। के बी कॉलेज बेरमो के सत्र 2020 - 2023 से वर्तमान मे अध्ययनरत सभी विधार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस एवं कोचिंग सेंटर की शुरूआत किया जा रहा है जिसमें इस सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग, झारखंड लोक सेवा आयोग, रेलवे, बैंकिंग, व्यक्तिव विकास आदि के लिए फ्री कोचिंग दिया जाएगा। कोचिंग मे नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिसमें कॉलेज के सत्र 20 - 23 से लेकर वर्तमान मे अध्ययनरत सभी विधार्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक विधार्थी महाविघालय के वेबसाईट लिंक से प्रवेश परीक्षा के लिए फॉर्म भर सकते हैं। कोचिंग के लिए फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि 06 जनवरी 2024 है।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह चरम पर है



राष्ट्रीय खबर

**कुडः** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह चरम पर है। कुडू प्रखंड क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में अयोध्या से आए पूजित कलश सह अक्षत वितरण कार्यक्रम का आयोजन सतबहनी मंदिर एवम ठाकुर बाड़ी सुकुरहुटू ग्राम में स्थानीय राम भक्तो के बीच किया गया। आगामी 1जनवरी से 15 जनवरी तक अक्षत वितरण कार्यक्रम के साथ 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन देव स्थलो ,मंदिरो में पूजा अर्चना, भजन कीर्तन,भंडारा के साथ संध्या में दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व कलश के सुकुरहुटू ग्राम पहुंचने पर स्थानीय राम भक्तो ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष विकास शाहदेव,संजय चौधरी,प्रदीप वैद्य,सुजीत वैद्य,अजय वर्मा,मोहन साहू,विजय सिंह,चंद्रशेखर सिंह,सुदर्शन पाल,बिनोद साहू,नितेश कुमार,आदि मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना को लेकर बैठक

राष्ट्रीय खबर



**कुडू** : आज दिनांक 29/12/2023 दिन बुधवार को प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना का कुडू में एक अहम बैठक किया गया जिसमें विभिन्न तरह की केंद्र सरकार का चलाया हुआ योजना के विषय में भी चर्चा किया गया और जन-जन तक जानकारी पहुंचने का भी निर्णय लिया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योजना को सभी ग्रामीण तक पहुंचाना बहुत ही अति आवश्यक है क्योंकि सभी योजना का जानकारी हर ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है इसलिए हम सब मिलकर प्रधानमंत्री की चलाए गए योजनाओं को सभी तक पहुंचाने का काम करेंगे और यह बैठक जिला अध्यक्ष टिंकू महतो की अध्यक्षता में किया गया बैठक में हेल्प आदर्श संस्था और प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी सदस्यों द्वारा नए साल नई सोच की तैयारी की गई जिसमें दिनांक 5/1/0024 को सैकड़ों वृक्षा रोपण कार्य किया जायेगा। वृक्षारोपण का कार्य भविष्य के लिए पर्यावरण के प्रति सुधार होना अति आवश्यक है क्योंकि जब तक पर्यावरण का सुधार नही होगा तब तक हम लोगों का जीवन में संकट ही संकट हो सकती है इसलिए आने वाला पीढ़ी के लिए हम लोग पौधारोपण का कार्य सभी को मिलकर के करना है ।

**अनियमितता** दुग्दा कोल वाशरी के समीप सोलर प्लांट निर्माण कार्य का किया जा रहा है

# वन विभाग के बगैर अनुमति के कटे सैकड़ों पेड़

राष्ट्रीय खबर



बेरमो : बीसीसीएल के दुग्दा कोल वाशरी के समीप 20 मेगावाट सोलर प्लांट निर्माण कार्य का भूमि पूजन अक्टूबर माह में बीसीसीएल जीएम, दुग्दा पीओ, एवं ओरयाना पावर कंपनी के द्वारा की गई थी। जहां आज कुछ दिनों पहले ही निर्माण कार्य में चंद्रपुरा अंचल अधिकारी की चेतावनी के बावजूद एवं बिना वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र के ही जेसीबी मशीन के द्वारा बड़े-बड़े सैकड़ो पेड़ों को काट दिया गया। कटे हुए पेड़ के साक्ष्य को छिपाने के लिए प्रबंधन तथा सोलर कंपनी निर्माण कर रहे लोगों के द्वारा नीचे गड्ढा कर दफनाया गया एवं कुछ पेड़ों को जला भी दिया गया और जलावन के लिए गांव वाले लोग लेकर चले गए। जब इस मामले में बोकारो वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार से मीडिया के द्वारा बात की गई तो उन्होंने बताया कि किसी प्रकार का कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है और किसी भी पेड़ या जंगल को काटने के लिए हाई लेवल कमेटी से परमिशन ली जाती है जो वॉशरी प्रबंधन के द्वारा नहीं लिया गया है जो बिल्कुल गैर कानूनी है इस मामले में विभाग के द्वारा जाँच उपरांत वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। वही बताते चले की कंपनी को लगाने के लिए कार्य कर रहे ओरयाना कंपनी तथा दुग्दा वॉशरी प्रबंधक के मनमानी के कारण सैकड़ो पेड़ों को काट दिया गया जो बिल्कुल नियम और कानून को धत्ता बताते हुए किसी की नहीं सुनी क्योंकि पेड़ काटने से पूर्वी चंद्रपुरा अंचल अधिकारी संदीप मद्धेशिया ने बिना परमिशन पेड़ नहीं काटने की हिदायत दी थी।

### जिला उत्पाद विभाग जिला भर मे अवैध शराब के विरुद्ध चला रहा है छापेमारी अभियान



**बेरमो** : नव वर्ष पर अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सहायक आयुक्त उत्पाद विभाग बोकारो को सूचना प्राप्त हुई कि तुपकाडीह थाना और जरिडीह में स्थित एक घर में अवैध विदेशी शराब की बोतलबंदी की जा रही है। उक्त सूचना के आलोक में विभाग द्वारा बिते देर निरीक्षक उत्पाद सदर एवं निरीक्षक उत्पाद बेरमो के पर्यवेक्षण में एक छापामारी दल गठित की गई।उक्त दल के द्वारा उपरोक्त स्थल में स्थित एक घर से अवैध शराब के -340 लीटर एवं विदेशी शराब- 219.06लीटर बरामद हुआ। इसके साथ ही विभिन्न ब्रांड के लेबल करीब 8000 , 3000 खाली बोतल एवं ढक्कन बरामद हुआ। घटनास्थल से गिरफ्तार अभियुक्त अजय अग्रवाल एवं फरार अभियुक्त सुरेंद्र अग्रवाल तुपकाडीह निवासी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत अभियोग दर्ज किया।पुन: रात्री गश्ती के क्रम में उक्त दल द्वारा संदिग्ध अवस्था में फुसरो से जैनामोर के ओर आ रहे एक सफेद रंग के मारुति कार , जिसका पंजीयन संख्या -बीआर20ए 9566 को जैनामोड़ पेट्रोल पम्प के पास रोककर विधिवत तलाशी ली गयी । उक्त कार से कुल 5 प्लास्टिक की जार से कुल 100 लीटर अवैध शराब बरामद हुआ । कार चालक अशोक रवानी को घटनास्थल से उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत गिरफ्तार किया गया।

### यू?एम?एफ? के द्वारा चलाया जा रहा अभियान मिलिए और जानिए अपने पड़ोसियों को बहुत ही सराहनीय प्रयासः रंजीत महतो



**बेरमो** :बेरमो कोयलांचल में यूनाईटेड मिल्ली फोरम के द्वारा चलाया जा रहा अभियान मिलिए और जानिए अपने पड़ोसियों को बहुत ही सराहनीय है।आज हमारे पड़ोसियों के बीच कहीं न कहीं दूरी बढ़ी है। जबकि आपका पड़ोसी चाहे वह किसी जाति धर्म मजहब का मानने वाला हो उनमें संबंध मधुर होने चाहिए।फोरम पड़ोसियों के बीच संबंध को मजबूत करने का जो प्रयास कर रहा है वह काबिले तारीफ है हम सभी को इस अभियान से जुड़कर इसे आगे बढ़ाना चाहिए।

### रंगदारी नहीं दी तो आवास का ताला तोड की लूटपाट



बेरमो: बोकारो जिला के अंतर्गत फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत पटेल नगर निवासी मोहम्मद नसरुद्दीन अशरफी ने चंद्रपुरा थाना में आवेदन देकर स्थानीय लखन महतो, कर्म महतो, हुलास महतो, गोपाल महतो, अनिल महतो, बनवारी महतो, नुनूचंद महतो सहित 10 अन्य लोगो पर 2 लाख रंगदारी मांगने और सामग्री लूट की शिकायत की है। अशरफी ने 8 नामजद सहित 10 लोग पर आरोप लगाया है। अशरफी ने बताया कि ट्रैक्टर से कई हजार ईटा लूट कर ले गए। उन्होंने बताया कि बंदियो स्थित उनके बंद आवास का ताला तोडकर घर मे रखा लगभग 5 टन छड़ ,50 बोरा सीमेंट, 6 ड्राम,6 कडाही, 4 कुदाल, 2 गैता, 3 सबल सहित ईटो की चोरी कर ली गई है। उन्होने बताया का सभी आरोपित हथियार के साथ जान से मारने की नीयत से पहुंचे थे। शिकायतकर्ता मोहम्मद अशरफी ने पुलिस से निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### ढ़ोरी जीएम कालोनी के लोग बंदरों के आतंक से परेशान है, निजात पाने के लिए वन विभाग से लगा रहे गुहार



**बेरमो** : ।सीसीएल ढोरी जीएम कॉलोनी मे पहुंचे बंदरों के झुंड से स्थानीय लोग परेशान हो गए हैं। लोगों के अनुसार बिगत दो-तीन महीना से बंदरों का झुंड यहां पहुंच गया है। झुंड में शामिल बंदर इधर-उधर भटकने के दौरान प्रतिदिन लोगों को काटकर घायल कर रहे हैं। विदित हो कि यहां एक स्कूल भी संचालित है। जहां प्रतिदिन बच्चों का आना-जाना लगा रहता है, बंदरों को देख बच्चे उनकी तरफ आकर्षित हो जाते हैं। इसी दौरान बंदर उन्हें काट कर घायल कर दे रहे हैं। इससे लोग परेशान हो गए हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो विगत कई महीने से ही यह इलाका बंदरों के आतंक से पीड़ित है। आए दिन बंदरों के हमले से कोई न कोई चोटिल हो रहे है। बच्चो ने कहा कि बंदर बहुत हैं, खेलने नहीं देते कई लोगों को काट देते हैं। इसलिए मम्मी पापा घर से बाहर नहीं जाने देते हैं। हमलोग खेल भी नहीं पा रही है। स्थानीय लोगो ने वन विभाग बोकारो के अधिकारियों से इन बंदरों को यहां से भागने की मांग की है।

### जिला की मांग को लेकर 23वां दिन भी जारी रहा धरना

**बेरमो** :तेनुघाट कोर्ट : बेरमो जिला मांग को लेकर 23वां दिन भी धरना जारी रहा। मालूम हो कि तेनुघाट स्थित अनुमंडल कार्यालय के समीप बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले समिति के संयोजक संतोष नायक को धरना स्थल पहुँच कर पूर्व मुखिया सीमा देवी ने अपने सार्थको के साथ जन समर्थन दिया। सीमा देवी नेबताया की अधिवक्ता संघ के तत्वाधान मे जो जिला की मांग की जा रही है वह सही है। उन्होंने बताया की यदि बेरमो को जिला बनाया जाता है तो हमारे गरीब-गुरबे, किसान-मजदूर, विकलांक-असहाय लोगो के लिए आसान हो जायेगा। जब की एक दो प्रखंड को छोड़ कर सभी प्रखंडो के लिए आसान हो जायेगा लोग जल्द जिला जाकर अपने कार्यों को कर के आसानी से अपने घर पहुँच सकते है। वही समर्थन मे आयी सभी महिलाये ने एक ही नारा सरकार के खिलाफ लगाई की हमें जिला दो या जेल दो नारी शक्ति जाग उठी है। वहीं प्रत्येक दिन अलग अलग जगहों के लोग धरना स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थित दर्ज करा रहे है। और धरने पर बैठे नायक का हौसला बढ़ा रहे हैं। वही बेरमो जिला संघर्ष समिति के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, सचिव वकील प्रसाद महतो धरने पर बैठे संतोष कुमार नायक का पूरा ध्यान रखे हुऐ है। इस मौके पर राजकुमार यादव, हमीद अंसारी, सुधीर कुमार महतो, महादेव महतो (मुखिया चतरो चट्टी), बिंदिया देवी, वैष्णो रानी, कौलेश्वर रविदास, अरविन्द कुमार नायक, विकाश जैन पूर्व उपमुखिया, विमल प्रसाद नायक,अमित किशोर,(अधिवक्ता)अधिवक्ता शिव कुमार वर्मा सहित कई गणमान्य लोग धरने मे मौजूद थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### उपायुक्त ने सौंपा चेक

**पलामू:** लोकसभा चुनाव 2014 में ड्यूटी के दौरान मृत हवलदार अवधेश कुमार शर्मा (चाईबासा जिला बल) की आश्रित पत्नी उर्मिला देवी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने 10 लाख रुपए का चेक सौंपा। मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के स्तर से प्राप्त स्वीकृत्योदश के आलोक में एकमुश्त अनुग्रह क्षतिपूर्ति अनुदान के रूप में उर्मिला देवी को दस लाख रू० का चेक दिया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### उपायुक्त ने किया कृषि मेला का उद्घाटन

**गोड्डा:** जिला कृषि कार्यालय परिसर बढ़ौना,गोड्डा में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला -सह- प्रदर्शनी का उद्घाटन उपायुक्त जिशान कमर, उपप्रमुख,गोड्डा किरण देवी ,जिला कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ रवि शंकर, सहित अन्य गणमान्य की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर की गई। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त,गोड्डा के द्वारा बताया गया कि गोड्डा जिले में कृषि कार्यालय परिसर में दो दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है इसका लाभ आप सभी अवश्य लें। सभी किसान उन्नत किस्म की खेती कर अपनी वर्तमान स्थिति को सुधार सकते हैं,साथ ही अपनी उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं, नई तकनीक का उपयोग कर आप अपनी पैदावार में भी वृद्धि कर सकते हैं। कृषि कार्यालय परिसर में किसान मेला -सह- प्रदर्शनी के दौरान उपायुक्त जिशान कमर, जिला कृषि पदाधिकारी, मुकेश कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ रविशंकर, जिला पशुपालन पदाधिकारी, मनोज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया गया।

### दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

पलामू: जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा)की बैठक गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिले में आम लोगों के लिए चलाये जा रहे विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गयी। सांसद श्री राम ने कतिपय योजनाओं के कार्यान्वयन में समयबद्धता के पालन पर बल दिया वहीं संबंधित अधिकारी से अपेक्षा कि की वे कार्यान्वयन में तत्परता बरतें।दिशा की पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की गयी। इस दौरान सांसद ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को योजनाओं में कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। वहीं डीसी ने कार्यपालक अभियंता को पाटन के किशुनपुर में अवस्थित जलापूर्ति योजना में टूटी-फूटी पाइप को अविलंब बदलने हेतु निर्देशित किया। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना,स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम का क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने समीक्षा के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे।

**कयास** आईपीएस तबादला की चर्चा में राष्ट्रीय खबर का आकलन सच साबित

# पटना एसएसपी के लिए तीन नामों पर चर्चा

- राजीव मिश्रा का नाम रेस में आगे
- पटना आईजी में शिवदीप लांडे की चर्चा
- एडीजी हैडक्वाटर के पद के लिए दो नाम की चर्चा



**राष्ट्रीय खबर**

**पटना:** पटना राजधानी का कौन बनेगा नया सीनियर एसपी चचाएं शुरू है। सूत्र बताते हैं कि बांका एसपी डॉ सत्य प्रकाश साहब का नाम एक नंबर में चल रहा है। वही दूसरा नाम मुजफ्फरपुर एसपी राकेश कुमार का चल रहा है। पटना सीनियर एसपी के लिए तीसरा नाम दरभंगा एसएसपी अवकाश कुमार का चल रहा है। पटना एसएसपी के लिए इन तीनों में से ही कोई एक पटना का सीनियर एसपी बन सकता है जैसी चर्चा लगातार अधिकारियों में देखी जा रही है।

इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे आईपीएस अधिकारी राजीव मिश्रा को ही पटना का सीनियर एसपी बनाया जाएगा यह आकलन राष्ट्रीय खबर का सच साबित हुआ था। पटना सीनियर एसपी को डी आईजी में प्रमोशन हो गया है 31 दिसंबर को उनको किसी रेंज का डीआईजी बना दिया जाएगा। बिहार में आईजी के तीन महत्वपूर्ण पोस्टिंग होने वाली है। जिसमें मुजफ्फरपुर रेंज और दरभंगा रेंज और पूर्णिया रेंज तीनों में नए आईजी की पोस्टिंग राज्य सरकार को करनी है। यदि पटना रेंज के आईजी राकेश राठी जो डीजीपी साहब के करीबी माने जाते हैं और डीजीपी साहब की चली तो राठी साहब को पुलिस मुख्यालय में कोई महत्वपूर्ण पद दे दिया जाएगा। ऐसे में पटना आईजी में शिवदीप लांडे को नई जिम्मेदारी दी जा सकती है।

कुल मिलाकर 11 आईपीएस अधिकारी को डी आईजी में प्रमोशन मिला है। ऐसे में भागलपुर रेंज और मुंगेर रेंज और छपरा और बेतिया डीआईजी को भी बदला जा सकता है। पुलिस हेडक्वार्टर में एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार को लोकसभा चुनाव में नोडल अफसर के रूप में प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। ऐसे में राज्य सरकार यदि गंगवार साहब को तबादला करती है तो चुनाव आयोग से भी आदेश लेना पड़ेगा। डीजीपी साहब राज्य सरकार को नैयर हसनैन खान साहब का नाम एडीजी हेड क्वार्टर के लिए भेजते हैं राज्य सरकार नैयर हसनैन खान साहब के नाम पर अपनी सहमति दे देगी। जो वर्तमान में आर्थिक अपराध इकाई में एडीजी के साथ-साथ विशेष निगरानी इकाई के एडीजी भी है। उसके बाद चर्चा शुरू होती है एडीजी स्पेशल ब्रांच सुनील कुमार यदि उनके नाम को भी एडीजी हेड क्वार्टर के लिए डीजीपी साहब भेजते हैं तो राज्य सरकार की सहमति हो जाएगी। एडीजी हेड क्वार्टर के रूप में दो आईपीएस अधिकारी जिसमें 1996 बैच के आईपीएस नैयर हसनैन खान और सुनील कुमार के नाम की चर्चा हो रही है। ट्रैफिक एडीजी को एसटीएफ का एडीजी बनाए जाने की चर्चा है और विधि व्यवस्था एडीजी संजय सिंह को भी एसटीएफ दिए जाने की चर्चा है। लेकिन इन दोनों में से कोई एक ही आईपीएस अधिकारी ही एसटीएफ का एडीजी बन सकता है। सीआईडी के एडीजी जितेंद्र कुमार अपने स्थान पर बने रहते हैं या उनका स्थानांतरण भी किया जाता है या नहीं, एडीजी बजट पारस साहब को सरकार उनके स्थान पर ही रखती है क्या उनका भी तबादला किया जाता है यह कहना कठिन होगा।

## पत्नी का प्रेमी गिरफ्तार



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर:** चार दिसंबर को हुसैनबाद में एक युवक के गला काटकर हत्या के प्रयास मामले में पीड़ित युवक की पत्नी का प्रेमी गिरफ्तार, एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि दिनांक 04.12.23 को वादिनी प्रेमा देवी पति दुखी राम सा० पथरा, थाना हुसैनाबाद जिला पलामू के द्वारा, लंगरकोट के पास वादिनी के बेटा सुनिल राम का गला काट कर हत्या का प्रयास तिन अज्ञात मोटरसाईकिल सवार के द्वारा किया गया, इस घटना में पिडित गंभीर रुप से जख्मी है और बेहतर ईलाज हेतू रिमस रांची में इलाजरत है। इस संबंध में वादिनी के द्वारा हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया गया जिस आधार पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी हुसैनाबाद थाना कांड सं0 306/23 दिनांक 05.12.23 धारा 341/324/326/307/34 भादवि के अन्तर्गत अज्ञात तीन मोटरसाईकिल सवार के विरुद्ध दर्ज किया गया। कांड में अग्रतर अनुसंधान में तैनात गुप्तचरो और कॉल डिटेलस/तकनिकी साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्त रौशन कुमार पे० अर्जुन राम सा० मझीआवा थाना नवीनगर जिला औरंगाबाद राज्य बिहार को गिरफतार किया गया, इनके द्वारा कांड में संल्पित होने की बात स्वीकारी की गयी है।

## देश के इतिहास और प्रगति कांग्रेस के बिना अधूरा: बिट्टू पाठक

**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू:** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139 वा स्थापना दिवस समारोह जिला कांग्रेस कमेटी पलामू की मैदान में जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में धूमधाम से आयोजित किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने सभी जिला के वरिष्ठ कांग्रेस जनों को सम्मानित करने का काम किया गया। सर्वप्रथम झंडोतोलन का कार्य किया गया। तत्पश्चात कांग्रेस जनों के द्वारा आजादी के वीर सपूत के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उपस्थित लोगों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 139 वां स्थापना दिवस के अवसर पर अपने-अपने बातों को रखें। लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि देश की इतिहास और प्रगति कांग्रेस के बिना अधूरा है देश की आजादी में



कांग्रेस पार्टी की भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता है देश की आजादी की लड़ाई कांग्रेस के बैनर तले प्रारंभ हुई देश को आजाद करने के बाद कांग्रेस की सरकार बनी पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेकर काम किया गया आजादी के बाद कांग्रेस नीति सरकार ने राष्ट्र के संपूर्ण विकास के लिए जो कार्य किया है उसे भूलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस पार्टी कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी सोमेश्वर प्रसाद, दीनानाथ तिवारी,विजय चौबे, श्याम नारायण सिंह, रामाशीष पांडे, शंकर पांडे, संतोष चौबे, तारकेश्वर पासवान, ईश्वरी प्रसाद सिंह, विनोद तिवारी, विश्राम दुबे, शमीम अहमद,रायन ओम प्रकाश, अमन, निजाम अहमद,अजगर हुसैन, सुधीर चौबे, चिंतामणि तिवारी, नसीम खान, नफीस खान, रिजवान खान, शेरखान, हरिनाम साहू, सागर दास, रघुनंदन प्रसाद,बागेश्वर पांडे सच्चिदानंद मिश्रा जितेंद्र कमलापुरी रविंद्र कुमार इंदु भगत अमूक प्रियदर्शी अजय साहू डॉक्टर कृष्णमणि दुबे संतोष गुप्ता, खुर्शीद खान, अजय पांडे, शैलेश मेहता, उमेश यादव आदि उपस्थित थे।

## भाकपा ने नगर निगम में प्रतिमा लगाने की मांग की

**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने उपयुक्त पलामू को पत्र लिखकर मेदनीनगर नगर निगम में राजा मेदिनीराय एवं शहीद - नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा लगाने की मांग की है। श्री तिवारी ने पत्र में कहा कि यह विदित है कि मेदनीनगर नगर निगम शहर का नाम राजा मेदिनीराय के नाम पर ही बना है लेकिन इसके बावजूद भी मेदनीनगर नगर निगम में कहीं भी राजा मेदिनीराय का प्रतिमा नहीं लगा हुआ है वही शाहिद नीलांबर



पीतांबर का भी प्रतिमा मेदनीनगर नगर निगम में कहीं नहीं लगा हुआ है ऐसी स्थिति में इन महापुरुषों एवं शहीदों का प्रतिमा शहर में ना लगाना महापुरुषों का अपमान के समान है। दूसरी ओर इसी शहर में जिला परिषद के ऑफिस के सामने चेरो वंश एवं अन्य समाज के लोग राजा मेदिनीराय एवं शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा लगाने के लिए विगत 15 दिनों से अधिक समय से धरना पर बैठे हुए हैं जिनका अभी तक अनुमंडल पदाधिकारी ने कोई शुधी नहीं लिया। ऐसी स्थिति में अगर धरना स्थल पर बैठे किसी व्यक्ति के साथ कुछ अनहोनी होती है तो इसका सारा जवाब दे जिला प्रशासन की होगी। पलामू आयुक्त से आग्रह है कि धरना स्थल पर बैठे माताओ, बहनें भाइयों, एवं बुजुर्गों की जायज मांगों को मानकर मेदीनीनगर नगर निगम में ढोल- बाजा नगाड़ा के साथ राजा मेदिनीराय एवं नीलांबर पीतांबर का प्रतिमा लगाने का कष्ट करें।

## निर्वाचन पर कार्यशाला आयोजित



**राष्ट्रीय खबर**

**चतरा:** विभागीय निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा अबु इमरान की अध्यक्षता में योग्यता और अयोग्यता, नामांकन, नामांकन की जांच और उम्मीदवारी की वापसी और प्रतीकों का आवंटन विषय पर कौशल विकास-सह-प्रशिक्षण केन्द्र, चतरा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री रामनारायण खलखो द्वारा जिला स्तर पर गठित निवार्ची पदाधिकारी कोषांग, चतरा के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी को प्रशिक्षण दिया गया। अन्त में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा अबु इमरान द्वारा प्रशिक्षण में मौजुद सभी पदाधिकारी व कर्मी से उक्त प्रशिक्षण के संबंध में प्रश्नोत्तर किया गया एवं उक्त विषय पर अन्य जानकारियाँ भी दी गई। मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, निदेशक, डीआरडी-सह-उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव उपस्थित थे।

**हादसा** चतरा जिले में सड़क सुरक्षा नियमों सख्ती से नहीं हो रहा पालन

# एक वर्ष में सड़क दुर्घटना में 92 लोगों की गई जान

**राष्ट्रीय खबर**

**चतरा:** जिले में सड़क दुर्घटना के एक बड़ी समस्या बन गयी हैं। 1 वर्ष में सड़क दुर्घटना में 92 लोगों की गई जान। सड़क दुर्घटना के कारण कई लोग असमय रहते काल के गाल में समा चुके हैं। फिर भी सड़क दुर्घटना रूकने का नाम नहीं ले रहा हैं। इसका सबसे बड़ा कारण सड़क सुरक्षा नियमो का पालन नहीं होना। हर रोज कहीं ना कहीं सड़क दुर्घटना हो रही हैं। जिसमें कई की मौत तो कई लोग गंभीर रूप से घायल हो




रहे हैं। सड़क दुर्घटना के शिकार अधिकतर लोग बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियमो का सख्ती से पालन नहीं कराया जा रहा हैं। जिसके कारण सड़क दुर्घटना में वृद्धि हुई हैं। कम उम्र के बच्चे बाईक तेजी गति से भगाते हैं, जिसके कारण दुर्घटना हो रही हैं। जिला प्रशासन के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाने के बावजूद दुर्घटना में वृद्धि हो रही हैं। शहर व गांवो में बाईक्स की संख्या बढ़ी हुई हैं, जो बाईक को तेज गति के साथ-साथ सड़क पर जैसे-तैसे चलते हैं। जिले के कई जगह दुर्घटना जोन बना हुआ हैं। कहीं तीखा मोड़ के कारण तो कहीं सड़क पर पेड़ होने के कारण दुर्घटना हो रही हैं। अज्ञात वाहन के चपेट में भी आने से बाईक सवार व अन्य लोगो की मौत हो रही हैं। वर्ष 2022 में कुल 167 सड़क दुर्घटनाएं हुई थी। जिसमें 124 लोगो की मौत हो गयी थी। जबकि 109 लोग गंभीर रूप से घायल व तीन लोगो को मामूली चोट आयी थी। इस वर्ष नवंबर माह तक 126 दुर्घटना हुई। जिसमें 92 लोगो की मौत हो गयी। जबकि 112 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन भी लगाकर प्रयास कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन पेट्रोल पंप संचालको को पेट्रोल पंपो में नो हेलमेट नो पेट्रोल, नो बेल्ट सीट नो डीजल का बोर्ड लगाने की बात कही। साथ ही अभियान चलाकर लोगो को यातायात नियमो का पालन कर रहे हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने कहा कि जिले में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। बिना हेलमेट के बाईक व बिना बेल्ट सीट के चार पाहिया वाहन चलाने वालो को पकड़ कर जुमार्ना वसूला जा रहा हैं।

## न्यूज फटाफट

### मुख्यमंत्री का आपके द्वार कार्यक्रम जनता को अधिकार देने की शानदार पहल है : विजय हांसदा

**पाकुड़ :** हेमंत सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपके द्वार कार्यक्रम मील का पत्थर साबित हो रहा है। राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार का यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय ओर प्रखंडो में जनता को अधिकार देने की शानदार पहल है। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण इलाकों में सड़कों का जाल, पूल-पुलिया के निर्माण कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ी एवं सुदूर ग्रामीण इलाकों के क्षेत्र के लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री अपनी सरकार के साथ जनता तक सरकार के योजनाओं लाभ हर गरीब, वृद्ध, महिलाएं पेंशन योजना, कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण साथ राशन कार्ड का लाभ पहुँचा रहे हैं. गांव में महिलाओं को सिलाई मशीन के सिलाई-कढ़ाई से हुनर सिखाए जा रहे हैं, साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रम द्वारा हमारे ग्रामीण बकरी पालन, गाय पालन से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इस तरह मुख्यमंत्री सभी को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ रहे हैं।

### बूथ स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता

**महेशपुर (पाकुड़):** बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में आगामी लोकसभा निर्वाचन के निमित्त बूथ स्तरीय स्वीप कार्यक्रम को मूर्त रुप देने तथा बूथ स्तर पर व्यापक मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाने के लिए बूथ अवरनेस ग्रूप का गठन करने को लेकर विभिन्न विभागों के कर्मियों तथा राजनीतिक दलों के प्रखंड स्तरीय वरिष्ठ कार्यकत्ताओं के साथ बैठक किया। उपस्थित कर्मियों तथा राजनीतिक दलों के कार्यकत्ताओं को बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि बूथ अवरनेस ग्रूप में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका, सहायिका, सहिया, जल सहिया, बूथ लेवेल एजेंट, कृषक मित्र, स्वयं सहायता समूह की दीदी तथा स्वयंसेवी संस्था के सदस्य, स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम, ग्राम रोजगार सेवक, मनरेगा मेट तथा मध्याह्न भोजन योजना की रसोइया को जोड़ना है। ये सभी अपने-अपने संबंधित बूथ स्तर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाने का कार्य करेंगे। बैठक में बीपीआरओ प्रसेनजीत मंडल, स्वास्थ्य विभाग, जेएसएलपीएस, बाल विकास परियोजना कार्यालय तथा सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं की मासिक बैठक आयोजित

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में बुधवार को महिला पर्यवेक्षिका रूथ टुडू की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रुप से सेविकाओं को पोषण ट्रेकर ऐप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि पोषण ट्रेकर एप में प्रतिदिन केंद्र खोलने तथा संचालन की गतिविधि को अपलोड करना है। जिन सेविकाओं के द्वारा लाभुकों का आधार वेरिफिकेसन नहीं किया गया है। उन्हें दो दिनों के अंदर आधार वेरिफिकेसन का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सेविकाओं को नियमित व निर्धारित समय पर केंद्र का संचालन करने तथा ससमय व सही मात्रा में पोषाहार वितरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा देवी, चंदा रविदास सहित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाएं उपस्थित थीं।

### किसानों का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**महेशपुर (पाकुड़):** जिला कृषि कार्यालय की ओर से बुधवार को प्रखंड के लक्खीपुर गांव में एग्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत चयनित 100 महिला व पुरुष किसानों का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित उप परियोजना निदेशक आत्मा के अरविंद कुमार राय, चित्तरंजन कुमार सिंहा, कुंदन कुमार, खबाब हुसैन के द्वारा किसानों को मृदा जांच, खेती से संबंधित सब्जी की खेती सहित अन्य फसलों की आधुनिक तकनीक से खेती कार्य करने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है आधुनिक तकनीक के सहारे खेती कार्य कर अधिक उत्पादन कर आय को बढ़ावा देना। ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष नसीम अहमद, डरफी शेख सहित चयनित महिला व पुरुष किसान उपस्थित थे।

### गांव समृद्धि उद्धर्धन योजना पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आरंभ

**महेशपुर (पाकुड़):** जिला कृषि कार्यालय की ओर से बुधवार को प्रखंड के लक्खीपुर गांव में एग्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत चयनित 100 महिला व पुरुष किसानों का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित उप परियोजना निदेशक आत्मा के अरविंद कुमार राय, चित्तरंजन कुमार सिंहा, कुंदन कुमार, खबाब हुसैन के द्वारा किसानों को मृदा जांच, खेती से संबंधित सब्जी की खेती सहित अन्य फसलों की आधुनिक तकनीक से खेती कार्य करने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है आधुनिक तकनीक के सहारे खेती कार्य कर अधिक उत्पादन कर आय को बढ़ावा देना। ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष नसीम अहमद, डरफी शेख सहित चयनित महिला व पुरुष किसान उपस्थित थे।

### गांव समृद्धि उद्धर्धन योजना पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आरंभ

पाकुड़ : झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी पाकुड़ के सौजन्य से बुधवार को सदर प्रखंड के पुराना प्रखंड परिसर स्थित शहरकोल संकुल संघ के प्रशिक्षण कक्ष में पंचायत स्तर फैसिलिटेटर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ बीपीएम मो फैज आलम के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के द्वारा हकदारी योजना, आजीविका योजना, सार्वजनिक वस्तुएं सेवाएं एवं संसाधन विकास योजना, सामाजिक विकास की योजना, ग्राम पंचायत विकास योजना की विस्तृत जानकारी, मोबाइल एप्प, ग्राम सभा में सहभागिता, सीएलएफ कॉन्सेप्ट सीडिंग, ग्राम संगठन कॉन्सेप्ट सीडिंग इत्यादि की जानकारी दिया जाएगा। बीपीएम फैज आलम के द्वारा बताया गया की प्रशिक्षण प्राप्त करके फैसिलिटेटर अपने अपने पंचायत में जाकर प्रशिक्षण देकर सभी ग्रामीणों एवं सखी मंडल की दीदियों को जागरूक करेगी एवं मोबाइल एप्प के माध्यम से इंट्री का कार्य करेगी। मौके पर प्रशिक्षक अबुल्लाह अंसारी, महमूद अंसारी,जान्हवी देवी, सकीना खातून,बीएपी सबिना यास्मीन,वाईपी सारथी कुमारी तथा सभी 36 पंचायतो से 2-2 फैसिलिटेटर उपस्थित थे।

### नवजात बच्चे के साथ दंपती ने की आत्महत्या

मेदिनीनगर : पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के नामुदाग के तेलियाडीह में पति-पत्नी ने नवजात के साथ आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद नौडीहा बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के तेलियाडीह में यह घटना हुई है। जोगेंद्र भुइयां नामक व्यक्ति की शादी कुछ साल पहले नौडीहा बाजार के तेलियाडीह में हुई थी। वे अपने ससुराल में ही रहते थे। उनका दो माह का बच्चा भी था। जोगेंद्र भुइयां खुद बिहार के गया के रहने वाले थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोगेंद्र का बुधवार की रात अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था। पत्नी ने जोगेंद्र पर नए कपड़ों को लेकर दबाव बनाया था।

## शहर >> अपडेट

### बालक को एक कुते ने किया घायल

**पेटरवार** : पेटरवार गुरुवार को एक चार वर्षीय बालक को एक कुते ने काटकर घायल कर दिया। यह घटना प्रखंड के कोह पंचायत अंतर्गत जाराडीह गांव में गुरुवार को दिन के करीब साढ़े 12 बजे की है। बताया जाता है कि जाराडीह गांव निवासी राम विलास महतो का चार वर्षीय पुत्र राहुल कुमार गुरुवार को दिन के करीब साढ़े 12 बजे अपने घर के पास खेल रहा था तभी एक कुत्ते ने उसके बांए हाथ में काट दिया। बच्चें की रोने की आवाज सुनकर जब परिजन बाहर निकले तो देखा कि उसका बांए हाथ से रक्तस्राव हो रहा है। परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य पेटरवार ले गए जहां पर प्राथमिक उपचार करते हुए एंटी रेबीज का इंजेक्शन दिया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### ऑटो पलटने से एक की मौत, दो व्यक्ति घायल

**कोडरमा** :तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो में ऑटो पलटने से ऑटो पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि ऑटो सवार दो लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान हजारीबाग जिले के बरही निवासी नरेश यादव (उम्र 38 वर्ष, पिता झमन महतो) के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान श्री यादव (पिता रमेश यादव) और लक्ष्य श्री प्रसाद बरही निवासी के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार सभी कोडरमा रेलवे स्टेशन से किराये पर ऑटो लेकर बरही जा रहे थे। इसी दौरान गुमो में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से ऑटो पर सवार घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद नरेश यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो अन्य घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कोडरमा नगर पंचायत में 18 दिनों से नहीं हो रही पेयजल की आपूर्ति

**कोडरमा** : नगर पंचायत में विगत 18 दिनों से जलापूर्ति बाधित रहने पर सूचना अधिकार मंच सचिव आर के बसंत ने नगर पंचायत के साथ ही कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग पर रोष प्रकट किया है। इन विभागों ने पेयजलापूर्ति को मजाक बनाकर रख दिया है, जबकि सरकार द्वारा हर घर नल का ढोंग पीटा जा रहा है। स्थिति यह है कि प्रत्येक महीने में दो से तीन दिन जलापूर्ति की जाती है और लगातार 15 से 18 दिन इसे बाधित कर दिया जाता है और बहाना यह बनाया जाता है कि फोरलेन में पाइप टूट गया, कभी बिजली का रोना तो कभी मोटर जल जाने का। हद तो तब है कि त्योहारों में भी लोगों को पेयजल से मरहूम किया जाता है और इस पर जनप्रतिनिधि की चुप्पी भी लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। दुखद यह है कि यहां के कुआं एवं चापानल से खारा पानी निकलता है जो पीने योग्य नहीं है और पीने हेतु एकमात्र सहारा पेय जलापूर्ति है जो यदा-कदा नसीब होता है। पेयजलापूर्ति से नगर पंचायत भी पल्ला झाड़ ले रहा है परंतु बिल लेने हेतु दवाब बनाता रहता है। श्री बसंत ने इस समस्या से उपायुक्त एवं कार्यपालक अभियंता को अवगत कराते हुए इसके संपूर्ण निदान की मांग की है।

### वेंडिंग जोनके लिये स्थल निरीक्षण

**कोडरमा** : उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने नगर पंचायत कोडरमा में वेंडिंग जोन बनाने को लेकर स्थल निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने राजा तालाब स्थित स्थल निरीक्षण किया और कार्यपालक पदाधिकारी को वेंडिंग जोन बनाने को लेकर आवश्यक दिशानिर्देशदिया।

**बैठक** नगर क्षेत्र में योजना चयन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# आमजनों के ध्यान में रखते हुये करें योजनाओं का चयन

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा**: समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन व योजना के चयन को लेकर बैठक हुई। उपायुक्त ने तीनों नगर निकाय को लेकर योजना चयन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि आमजनों के हित में ध्यान में रखते हुए योजना का चयन करें और सभी योजनाओं का प्रस्ताव व स्टीमेट बनाकर रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने परिवहन मद, नागरिक सुविधा मद समेत अन्य मदों से कार्य करने वाले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में रहने वालों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझने की जरूरत है।

आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिये योजनाओं के चयन में पूरी तरह संवेदन होकर काम करने की जरूरत है। अधिकारी शहरी क्षेत्र की समस्याओं का बेहतर ढंग से आकलन करे तथा योजनाओं को मूर्त रूप देने में जुट जायें। उपायुक्त ने अधिकारियों को इस दिशा में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमलोगों की समस्याओं के समाधान करने में पूरी तत्परता से काम करे।

साथ ही शहरी क्षेत्रों की साफ-सफाई को लेकर जानकारी लेते हुए शहर की बेहतर तरीके से साफ-सफाई करने की निर्देश दिये। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी झुमरी तिलैया नगर परिषद् को शहर की साफ-सफाई को लेकर नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने को कहा गया। होल्डिंग टैक्स व वाटर टैक्स को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, सभी नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## अवैध खनन, खिलाफ निरंतर कार्रवाई करें : उपायुक्त



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा**:उपायुक्त के निदेशानुसार जिला खनन टास्क फोर्स कोडरमा द्वारा पिछले 5 महिनों के अन्दर अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध व्यापक कारवाई की गई है। जिससे अवैध खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगा है। कोडरमा जिलान्तर्गत ब्लू स्टोन के विरूद्ध भी कठोर कारवाई की गई है। ब्लू स्टोन का अवैध खनन बन्द हुआ है और अवैध कताओं में भय व्याप्त हुआ है, साथ ही सभी ब्लू स्टोन के अवैध खनन के मुहाने को भी बन्द काराया गया है। अवैध खनन एवं परिवहन पर राज्य स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में भी समीक्षा की गई थी, जिसमें कोडरमा जिला अव्वल रहा है। इस कार्रवाई के लिए कोडरमा जिला की प्रशंसा की गई। इस वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में माह नवम्बर 2023 तक 1395.26 लाख समाहरण हुआ है। पिछले 5 महीनों के अन्दर अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों की संख्या - 356, अवैध परिवहन कताओं के विरूद्ध दायर प्राथमिकी की संख्या- 116,राज्यसात की कारवाई - 185 वाहन, गिरफ्तार व्यक्तियों की सं– 69, जुमार्ना वसूली गई राशि- 29.53 लाख रुपये है। उपायुक्त द्वारा जिला खनन टास्क फोर्स को अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## कांग्रेस पार्टी की 138 वां स्थापना दिवस संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**कुडू**: को कुडू में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तनवीर अगुवाई एवं प्रखंड प्रभारी सामुल अंसारी की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी का 138 वां स्थापना दिवस पार्टी कार्यकर्ता एवं प्रखंड के पदाधिकारी के द्वारा पार्टी कार्यालय में झंडोतोलन कर एवं विचार गोष्टी किया गया । इस मौके पर अध्यक्ष एवं प्रभारी ने कहा भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को बम्बई के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई थी । कांग्रेस पार्टी देश का सबसे पुरानी पार्टी है । कांग्रेस पार्टी का स्थापना देश का विकास और आम गरीब जनता का कल्याण के लिए किया गया । लगातार कांग्रेस पार्टी के द्वारा देश की आजादी के बाद विकास की ओर कार्य करने का काम किया गया । वर्तमान समय में पार्टी के विचारधारा को हम सभी पार्टी के कार्यकताओं को मिलकर हर घर पहुंचने का काम करने होगी । कांग्रेस पार्टी करता कार्यकताओं के लिए । और जनता के लिए । जिसे आप हमें और मजबूत करने का काम करनी होगी । आज कांग्रेस पार्टी के 138 वां स्थापना दिवस में हम सभी पार्टी के कार्यकताओं को यह वचन लेनी होगी कि आने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को कैसे मजबूत करें इन सभी कार्यों पर हम सभी को कम करने की जरूरत है । इस मौके पर सभी 88 बूथों पर बूथअध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष के द्वारा झंडा तोलन कार्यक्रम किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से 20सूत्री अध्यक्ष हाजी सदरुल , मुनीम अंसारी,संगीता उरांव, मनोरमा उरांव,लाल राजेश ,मो कुर्बान, मो वहाब,तबरेज गौहर, जुल्फेकार, विनोद अंसारी,आसिफ खान, सैफ अहमद,असरफ अली, तलहा अहमद,शमशाद , जैनुल अंसारी परीखा मुंडा, मुकेश चंद्र यादव,फलिन्द्र यादव, गीता भगत, अनीता लकड़ा, इंद्र मुंडा ,सुनीता देवी, धर्मदेव भगत फूलमनी देवी,हरिश्चंद्र भगत एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## 21 सदस्यों का जत्था बड़े बाबा का दर्शन को रवाना



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा** : दिगम्बर जैन समाज के युवा संगठन का 21 सदस्यों का एक जत्था जैन युवक समिति के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक-शिखा गंगवाल, और पूर्व महामंत्री जैन विकाश-खुशबू सेठी के नेतृत्व में जैन धर्म के बड़े बाबा 1008 आदिनाथ भगवान की प्रतिमा का दर्शन करने हेतु रवाना हुआ ज्ञात होगी मध्य प्रदेश के दमोह नगरी में पास जैन धर्म के एक ऐतिहासिक तीर्थ कुंडलपुर में विराजित बड़े बाबा के समक्ष 4465 प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा गत दिनों जैन धर्म के सबसे बड़े संत छोटे बाबा संत संतशिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से संपन्न हुआ था यह जत्था वहाँ जाकर कुंडलपुर के बड़े बाबा 1008 आदिनाथ भगवान की भव्य पद्मासन प्रतिमा का महमस्तिकाभिषेक में शामिल होकर अभिषेक,शांतिधारा, पूजन दर्शन कर सभी अपने जीवन को धन्य बनाएंगे,साथ ही युवा सदस्य आस पास के जैन तिर्थक्षेत्र जबलपुर, कटनी,आहार जी,पपौरा जी,टीकमगढ़, होते हुवे सोनागिर का दर्शन करेंगे इस जत्था में विशेष रूप से संयोजक शिखा गंगवाल ने बताया कि जैन तीर्थ में जैन धर्म के 24 तीर्थंकर के 5 कल्याणक हुवे है और उन स्थलों का दर्शन करने से आत्कि सुख की अनुभूती होती है पापो से मुक्ति मीलतू है और कई गुणा पुण्य अर्जित होता है इस जत्था में विशेष रूप से अक्षय जैन,अंकित,अतुल शामिल हैं, इस शुभ यात्रा को समाज के मंत्री ललित सेठी,युवा सुरेश झांझरी, सुबोध-आशा जैन,विजय सेठी, दिलीप छाबडा ,पत्रकार राज कुमार अजमेरा, नविन जैन ने बधाई दी।

## सोशल फाउंडेशन की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया**: बेटी बचाओ बेटी पढाओ सोशल फाउंडेशन की बैठक साहु धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुप पंडित, संचालन योगाचार्य प्रदीप सुमन ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि राजस्थान से सुभाष भाटी और बलजीत सिंह ने भाग लिया। बैठक में प्रदेश सचिव बिजय बरणवाल, उपाध्यक्ष रोहित पांडेय, संजय मोदी, महासचिव अनूप पंडित, संगठन मंत्री राजन मोदी, गौतम दास, सुभाष गुप्ता, सुरेंद्र बर्मा, बिक्रम मोदी, करिशमा, दिपक मोदी, मनोज मोदी, सुमन बर्मा, राखी कुमारी, पूजा कुमारी, सतीश मोदी, मंटु मोदी, नरेश सिंह, सुजीत सिंह, अजय बरणवाल, तालेबर साह, श्याम साहु, राजकुमार पंडित, शिकंदर पंडित, रेखा देवी, बिमला देवी, रितु कुमारी, प्रमिला बरणवाल, आरती देवी, सरिता रानी, अजय दास के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

**न्याय यात्रा** कांग्रेस की देशव्यापी न्याय यात्रा 14 से

# भारत न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगा:आलोक साहू

### सभी वर्गों का व्यापक जन समर्थन

राष्ट्रीय खबर





**कुडू**:लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कहा कि राहुल गांधी की अगवाई में कांग्रेस का 14 जनवरी2024 से शुरू होने वाली भारत न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगा तथा इससे देशवासियों को काफी फायदा होगा। श्री साहू ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से 20 मार्च2024 तक मणिपुर से मुंबई (पूर्व से पश्चिम) तक भारत में यात्रा निकाला जाएगा। राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा आर्थिक न्याय के लिए, सामाजिक न्याय के लिए और राजनीतिक न्याय के लिए है। इसका उद्देश्य लोकतंत्र को बचाना है,लोगों के संविधानिक हक और उनके अधिकारो को बतना और अपने हक को सरकार से किस तरह से लेना है।उसे बताना और संविधान को कैसे बचाना है,सरकार की सचाई को आम जनो के सामने लाना है। महंगाई और बेरोजगारी से जो करोड़ों पीड़ित परिवार हैं उसमें उज्जवल भविष्य का भरोसा जगाना है।किसान की हालात बद से बद्तर हे रही हैआए दीन किसान खुदकूसी का शिकार हो रहे हैं ।शैक्षणक स्तर सरकारी शैक्षणिक संस्थाओं का भी सोचनिय और गंभिर हो रही है।जवानो के योगय होने पर भी बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।बेरोजगारी के बढ़ने से अपराध भी चरम पर हो गई है।कलकारखाने बंद के कागार पर जिसके कारण परिवारअहसहाए सी हो गई है।इस से पहले की सरकार कमजोर पड़ रहे कारखानो को चलाने के लिये पुरजोर सहायता कर रही थी।और इसे चलाने को पोत्साहीत करती थी। श्री साहू ने कहा कि भारत न्याय यात्रा झारखंड से भी गुजरेगी। राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा झारखंड आने से झारखंड के कांग्रेस जनों, इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल के साथ-साथ आम जनता काफी उत्साहित है। श्री साहू ने कहा कि झारखंड में भारत में न्याय यात्रा को सभी वर्गों का व्यापक जन समर्थन मिलेगा। इससे पूर्व राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो पदयात्रा कर चुके हैं जिसमें प्रत्येक दिन हजारों ,लाखों लोग राहुल गांधी के पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल होकर राहुल गांधी पर विश्वास जताया था।

## न्यूज फटाफट

### झुमरीतिलैया में चमत्कारी बाबा मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा



**झुमरीतिलैया** : आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इस दिन देश के साथ-साथ अभ्रक नगरी कोडरमा में भी दीपावली मनाई जाएगी। घरों के साथ-साथ मंदिरों में भी दीये जलाए जाएंगे। मंदिरों को सजा संवारा जाएगा। इस दिन भजन कीर्तन सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया जाएगा। इधर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं उनकी इकाइयों के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक तैयारी में जुट गए हैं। सोशल मीडिया से लेकर आम जनमानस को जागृत करने के लिए और अयोध्या में आयोजित रामलल्ला के विराजमान को लेकर प्रतिदिन अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। झुमरीतिलैया में विद्यापुरी स्थित चमत्कारी बाबा मंदिर से लेकर कलश यात्रा निकल गई। स्कूल रोड, डॉक्टर गली होते हुए कोडरमा स्टेशन काली मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में जय श्री राम, जय वीर हनुमान के नारों से उक्त मार्ग गुंजायमान होते रहा। वही इस कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्त भजन कीर्तन प्रस्तुत करते हुए चल रहे थे। इससे माहौल भक्ति मय बना रहा। कार्यक्रम में मनोज चन्द्रवंशी, अजय कुमार वर्मा, पंकज दुबे, संजय तर्वे, राजू यादव, सुनील दास, चंद्रशेखर जोशी, विजय उपाध्याय, अरविंद एकघरा, विनय सिंह, अंकित गुप्ता, भैरो प्रसाद, धन्नजय उपाध्याय, लाल बहादुर चौधरी, मनोज राणा, मदन पाण्डेय, भागीरथ पाण्डेय, पंकज सिंह, जानकी देवी सोनम शर्मा, रुक्मणी जोशी, अनिता एकघरा, पुष्पा देवी, गायत्री देवी, बॉबी देवी, अनिता देवी, निशा कुमारी, सोनाली कुमारी, सुमा देवी, सरोज देवी, राखी कुमारी, सुनिता भारती, प्रभावती मिश्रा, मालती देवी आदि भक्त कलशयात्रा में शामिल हुए।

### बुन्देल प्रसाद यादव का निधन




**कोडरमा** : कोडरमा के प्रसिद्ध व्यवसाय समाजसेवी और वसुंधरा रोडवेज के मालिक बुन्देल प्रसाद यादव (79) का गुरुवार को उनके आवास पर निधन हो गया। वे लंबे अरसे तक कांग्रेस पार्टी से भी जुड़े रहे थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा शोक जताया है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, शंभू शरण यादव, सुनील कुमार, सत्येंद्र गौतम, संजीव समीर, सुशील अग्रवाल, प्रेम भारती, सुधीर पांडेय समेत कई लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं प्रमोद अग्रवाल, आत्माराम शर्मा, बिनोद कुमार मुन्ना, अमित कुमार, रणजीत बनर्जी, राजेश सिंह राजू, उमाशंकर, सतीश कुमार, अजय यादव, सनत बनर्जी, देवेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने निधन पर गहरा शोक जताया है।

### जन शिकायत से संबंधित आवेदनों को लेकर समीक्षा बैठक



**कोडरमा** :समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता जन शिकायत से संबंधित आवेदनों के निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार और पीजीपोर्टल में प्राप्त आवेदनों के निस्पादन करने को लेकर समीक्षा करते हुए समस्या का निस्पादन करने का निर्देश दिया। आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला कल्याण विभाग, बिजली विभाग,जिला समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग समेत कई विभागों से संबंधित आवेदनों का जल्द निराकरण करने की बात कही। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को अपने अपने स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदया ने अपर समाहर्ता को इसकी लगातार समीक्षा व मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता श्री अनिल तिर्की, जन शिकायत पदाधिकारी अभिषेक आनंद, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री सुभाष यादव, ईडीएम रामदेव महतो व अन्य मौजूद रहे।

### मरकच्चो में धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन



**मरकच्चो** : प्रखंड के दक्षिणी पंचायत पैक्स व जामु पंचायत स्थित हरलाडीह में जामु पैक्स का गुरुवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। मरकच्चो दक्षिणी पंचायत पैक्स का उद्घाटन बीसीओ लक्ष्मीकांत लोहरा ने फीता काटकर किया। वहीं जामु पैक्स का उदघाटन समाजसेवी रवींद्र गुप्ता, पूर्व पैक्स अध्यक्ष परमेश्वर साव ने फीता काटकर किया। मौके पर बीसीओ लक्ष्मीकांत लोहरा ने बताया कि धान खरीदी कार्य क्रय केंद्र में 31 मार्च 2024 तक की जाएगी। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपए तथा राज्य सरकार के द्वारा प्रति क्विटल बोनस दर 117 रुपए क्विंटल है.। कुल 2300 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी जा रही है। धान खरीदने के मानक के संबंध में उन्होंने बताया कि धान निबंधित किसान से ही खरीदा जाएगा। श्री लोहरा ने उपस्थित किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि किसान अपने धान को सरकारी क्रय केंद्र में ही बेचें। सरकार बिचौलियों की अपेक्षा दोगुने दाम में किसानों से धान खरीद रही है वे इसका लाभ उठाएं। मौके पर पैक्स अध्यक्ष मनोज पांडे, जागेश्वर साव,पूर्व पैक्स अध्यक्ष जामु परमेश्वर साव, दौलत साव, किसान नारायण सिंह, प्रभु राम, सुनील सिंह, कारू सिंह, बद्री साव, भुनेश्वर साव, बहादुर साव,कलेश्वर साव, जालंधर साव, सकलदेव यादव समेत कई किसान उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### उगाही करने के आरोप में तीन पुलिस वाले निलंबित

**बुलन्दशहर** : उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर थाने में महिला से अवैध उगाही किए जाने के मामले में कोतवाली प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद मुख्य आरक्षी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम में गठित कर दी गई है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि जनता दर्शन के दौरान हरियाणा के पलवल जिला निवासी रईस अहमद नामक व्यक्ति ने शिकायत की थी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### भारतीय मुद्रा में तेल आयात पर डील की उम्मीद

**नईदिल्ली:** भारत में इस्तेमाल होने वाले ईंधन तेल की आवश्यकता का 85 प्रतिशत आयात किया जाता है, इसलिए भारत के खर्च का एक बड़ा हिस्सा ऊर्जा क्षेत्र में जाता है। आमतौर पर ये लेनदेन डॉलर में होते हैं। परिणामस्वरूप, तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव के साथ-साथ मुद्रा विनिमय दर का भी आयात लागत पर प्रभाव पड़ता है। जुलाई 2022 में रिजर्व बैंक ने आयात लागत पर मुद्रा के उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने के लिए भारतीय मुद्रा में व्यापार का रास्ता खोल दिया। हालांकि, स्थायी समिति की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में किसी भी देश ने तेल के मामले में वह फायदा नहीं उठाया है। हालाँकि, सरकार का दावा है कि भारत ने चालू वित्तीय वर्ष में इस उद्देश्य के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कुछ रूसी कंपनियों के साथ लेनदेन भी टका में किया गया। आशा है कि आने वाले दिनों में और अधिक देशों के साथ रहूंगा। जिनके हाथों भारतीय मुद्रा को दुनिया के दरबार तक पहुंचाया जा सके।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मानव तस्करी वाली उड़ान का राज खोला कंपनी ने

**नईदिल्ली:** जिस विमान को फ्रांस के एयरपोर्ट पर मानव तस्करी के आरोप में रोका गया था। उस चार्टर्ड एयरलाइन की खुली पोल। इक उड़ान की सारी सूचनाएं अब बाहर आयी है। इस हवाई जहाज पर 20 से 30 साल की उम्र के 150 यात्री थे। वहीं 70 यात्रियों की उम्र 30 से 40 साल के बीच थी। ऐसे में यात्रियों ने इस फ्लाइट के टिकट किसके जरिए खरीदे? गुजरात पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि इस गधे की उड़ान के पीछे कौन है।कल सुबह 276 भारतीय फ्रांस से मुंबई पहुंचे। वे विमान से मध्य पूर्व से मध्य अमेरिका जा रहे थे। उस वक्त विमान को कुछ दिन पहले फ्रांस में रोका गया था। ऐसे में वैध यात्रा दस्तावेज नहीं होने के कारण 276 भारतीयों को स्वदेश लौटना पड़ा। वहीं देश लौटने पर इन यात्रियों से एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने पूछताछ की। बाद में उन्हें एक-एक करके रिहा कर दिया गया। इस बीच पत्रकारों ने फ्लाइट के बारे में और जानने के लिए यात्रियों से बात करने की कोशिश की। लेकिन कैमरों और पत्रकारों की धूम देखकर हर कोई अपना चेहरा छुपा लेता है। इसी बीच चार्टर्ड एयरलाइन के वकील ने अपना मुंह खोल दिया। उससे इस उड़ान के रहस्य पर से पर्दा उठ गया है।ध्यान दें कि कुछ दिन पहले फ्रांस के वैट्री एयरपोर्ट पर एक विमान को रोका गया था। संदेह था कि उस विमान से मानव तस्करी की जा रही थी। इसमें 303 भारतीय सवार थे। ऐसे में फ्रांस की अदालत ने रविवार को इस मामले में आदेश दिया कि विमान में सवार भारतीय फ्रांस छोड़ सकते हैं। इस बीच, जब्त किए गए विमान को भी फ्रांस छोड़ने की अनुमति दे दी गई।

---

**आत्मसमर्पण**

### जापोरिज्ज्या में लगातार नुकसान से नेतृत्व को कोसा

# नाराज रूसी सैनिकों ने किया सामूहिक आत्मसमर्पण



- रूसी कमांड के प्रति जतायी नाराजगी
- अप्रशिक्षित सैनिकों का दल है यह
- इनमें कुछ सजाप्राप्त कैदी लोग भी

**एजेंसियां**

**कियेब:** अमानवीय व्यवहार और भारी नुकसान के बाद रूसियों ने जापोरिज्ज्या सेक्टर में सामूहिक आत्मसमर्पण किया है। ओसी वेस्ट टेलीग्राम चैनल ने 27 दिसंबर को रिपोर्ट दी थी कि रूसी सशस्त्र बलों की 71वीं रेजिमेंट के रूसी कब्जाधारियों के एक दूसरे समूह ने जापोरिज्ज्या मोर्चे पर आत्मसमर्पण कर दिया, रूसी कमांड द्वारा दुर्व्यवहार और महत्वपूर्ण नुकसान की सूचना दी। रूसी सैन्यकर्मियों ने रूसी कमांड द्वारा अमानवीय व्यवहार और महत्वपूर्ण नुकसान के बारे में बात की। ओसी वेस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, कैदियों का दावा है कि कमांड दैनिक हमलों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले लोगों के साथ-साथ हाल ही में संगठित और अप्रशिक्षित सैनिकों के समूहों को तैनात करता है। 71वीं रेजीमेंट के कमांडरों पर हाल ही में जुटाए गए और बिना तैयारी वाले सैनिकों के समूहों को दैनिक तूफानी अभियानों के लिए तैनात करने का आरोप है, जिनमें अनुबंध के तहत आने वाले सैनिक भी शामिल हैं। ओसी वेस्ट ने कहा कि तैनाती से पहले, कमांडरों ने कथित तौर पर सैनिकों को अग्रिम पंक्ति से उनकी निकटता के बारे में गुमराह किया, जिसके परिणामस्वरूप आवश्यक आपूर्ति की कमी हुई और आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित होना पड़ा। कथित तौर पर रूसी कमांड ने 71वीं रेजिमेंट के सैनिकों को हमले से पहले नए साल की शुभकामनाएं रिकॉर्ड करने के लिए मजबूर किया, संभवतः रूसी जनता से नुकसान छुपाने के लिए। राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने 19 दिसंबर को कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच युद्धबंदियों की अदला-बदली हो गई है।

रूसी पक्ष की ओर से बहुत विशिष्ट कारणों के कारण गति धीमी हो गई, जिससे संभावित राजनयिक चुनौतियों का पता चलता है। संयुक्त राज्य अमेरिका के पास जानकारी है कि रूसी सेना अपने उन सैनिकों को मार रही है जो आदेशों का पालन करने से इनकार करते हैं, जॉन किर्बी, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक समन्वयक संचार, 26 अक्टूबर को व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में कहा गया। अमेरिकी और यूक्रेनी सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि रूसी सेनाएं अपर्याप्त रूप से प्रशिक्षित, खराब रूप से सुसज्जित और युद्ध संचालन के लिए तैयार नहीं हैं।


पिछले साल के असफल शीतकालीन आक्रमण की तरह, रूसी सेना तथाकथित मानव लहर रणनीति का उपयोग कर रही है - बस खराब प्रशिक्षित सैनिकों को बिना उचित उपकरण, बिना नेतृत्व, बिना संसाधनों और बिना समर्थन के युद्ध में फेंक रही है।

किर्बी ने कहा, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि इन सभी स्थितियों को देखते हुए रूसी सेनाएं खराब मनोबल से पीड़ित हैं। रिपोर्ट किया गया है, रूसी रक्षा मंत्रालय ने कैदियों के लिए तोप चारे की स्थिति को औपचारिक रूप दिया है। अन्य बातों के अलावा, दस्तावेज स्टॉर्म जेड सेनानियों के निष्पादन को अधिकृत करता है।

---

## न्यूज फटाफट

### जहाज पर हमला करने वालों को ढूंढेंगे: राजनाथ



**नईदिल्ली:** लाइबेरिया का ध्वज वाहक एमवी केम प्लूटो सऊदी अरब के अल जुबैल बंदरगाह से भारत के न्यू मंगलुरु बंदरगाह तक कच्चा तेल ले जा रहा था। यह भारत के तट से दूर अरब सागर में एक ड्रोन हमले की चपेट में आ गया था।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अरब सागर में वाणिज्यिक जहाज एमवी केम प्लूटो पर हमलावरों की जरूरत पड़ने पर समुद्र के नीचे से भी तलाश की जाएगी। जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों के मद्देनजर भारत ने अरब सागर में तीन नौसैनिक जहाज तैनात किए हैं।लाइबेरिया का ध्वज वाहक एमवी केम प्लूटो सऊदी अरब के अल जुबैल बंदरगाह से भारत के न्यू मंगलुरु बंदरगाह तक कच्चा तेल ले जा रहा था। यह भारत के तट से दूर अरब सागर में एक ड्रोन हमले की चपेट में आ गया था। जहाज पर सवार 20 भारतीय और वियतनामी नाविक सुरक्षित थे। जहाज भारतीय तटरक्षक बल की सुरक्षा में कल मुंबई के बंदरगाह पर पहुंचा। दूसरी ओर, दक्षिणी लाल सागर में गैबोनीज-ध्वज वाला एक जहाज भी ड्रोन हमले की चपेट में आ गया। इनमें 25 भारतीय नाविक भी थे।अमेरिका समेत कई देशों का दावा है कि ईरान समर्थित यमन के हौथी उग्रवादी इस हमले को अंजाम दे रहे हैं। हौथिस ने कहा कि वे इजराइल-हमास संघर्ष में हमास का समर्थन करने के लिए हमला कर रहे थे। अमेरिका ने सीधे ईरान पर उंगली उठाई। ईरान ने आरोपों से इनकार किया है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हम समुद्र में इन हमलों की घटनाओं से चिंतित हैं। जरूरत पड़ी तो समुद्र के अंदर से भी हमलावरों को ढूंढने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। नौसेना के मुताबिक, जहाजों पर लगातार हमलों के मद्देनजर अरब सागर में तीन गाइडेड मिसाइल विध्वंसक तैनात किए गए हैं।

---

# टेस्ला कारखाना के रोबोट ने किया था इंजीनियर पर हमला




**एजेंसियां**

**लंदन:** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक तीसरा रोबोट प्रभावित कर्मचारी के काम में बाधा डाल रहा था। इसके बाद भी जब कर्मचारी काम करता रहा तो रोबोट ने अपने कृत्रिम नाखूनों से उसकी पीठ और हाथों को खरोंच दिया। टेक्सास में एलन मस्क की टेस्ला फैक्ट्री में श्रमिकों की मदद के लिए तीन रोबोट तैनात किए गए हैं। लेकिन मदद तो दूर, एक रोबोट अचानक वहां एक कर्मचारी को कृत्रिम कीलों से खरोंच देता है। संगठन की हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट से यह पता चला है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि घटना तीन साल पहले की है। हालाँकि, घटना के गवाहों ने हाल ही में इस बारे में खुलकर बात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रभावित कर्मचारी टेक्सास फैक्ट्री में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करता था। उनका काम नई एल्युमीनियम शीट काटना और उन्हें नई कारों में इस्तेमाल करना था। जबकि घटना के दिन दो रोबोट स्थिर थे, एक रोबोट आंशिक रूप से कार्य कर रहा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोबोट के हमले के बाद दुर्घटनास्थल खून से लथपथ हो गया था। पीड़िता को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालाँकि, मस्क की कंपनी ने अभी तक इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है।

---

### गाजा पर सौ से अधिक बार बमबारी की गयी

# जब तक हमास नष्ट नहीं हो जाता तब तक शांति नहीं होगी: नेतन्याहू



- इन इलाकों में छिपे हैं हमास आतंकवादी
- सुरंगों को नष्ट करने पर सेना का ध्यान
- भारी संख्या में नागरिक भी मारे जा रहे

**एजेंसियां**

**जेरूशलम:** इजराइल ने गाजा पर बमबारी के सिलसिले को जारी रखा है। इसके बीच ही प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी कसम दोहरायी कि जब तक हमास शासकों को नष्ट नहीं किया जाता तब तक शांति नहीं होगी। सेना ने कहा कि उसने 24 घंटों में 100 से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है, जिसमें मध्य जबालिया और दक्षिण में खान यूनिस में सैन्य स्थल और सुरंग शाफ्ट शामिल हैं, क्योंकि भारी जमीनी लड़ाई जारी है। 7 अक्टूबर के हमास के हमलों के बाद शुरू किए गए कमजोर सैन्य अभियान के कारण बड़े पैमाने पर नागरिक हताहत हुए और बड़े पैमाने पर भूखमरी हुई और तटीय क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। संयुक्त राष्ट्र विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गाजा पट्टी के मध्य क्षेत्र में अल-मगाजी शरणार्थी शिविर पर क्रिसमस की पूर्व संध्या पर हुए हमलों के दौरान मारे गए पूरे परिवारों के कष्टप्रद विवरण की सूचना दी। वैश्विक चिंता बढ़ गई है और युद्धविराम के लिए अंतर्राष्ट्रीय मांग कई गुना बढ़ गई हैं, लेकिन नेतन्याहू ने सोमवार देर रात वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित एक ऑप-एड में इस पर कायम रहने की कसम खाई है।

उन्होंने तर्क दिया, हमास को नष्ट किया जाना चाहिए, गाजा को विसैन्यीकृत किया जाना चाहिए और फिलिस्तीनी समाज को कट्टरपंथ से मुक्त किया जाना चाहिए। इजरायल और गाजा में उसके फिलिस्तीनी पड़ोसियों के बीच शांति के लिए ये तीन शर्तें हैं। एक बार लड़ाई समाप्त होने के बाद, उन्होंने कहा, निकट भविष्य के लिए इजराइल को गाजा पर अत्यधिक सुरक्षा जिम्मेदारी बरकरार रखनी होगी और क्षेत्र की परिधि पर एक अस्थायी सुरक्षा क्षेत्र बनाना होगा।

---

# एफबीआई की सर्वाधिक वांछित सूची में भारतीय लड़की

- स्टूडेंट वीजा पर पढ़ने लगी थी वहां

**एजेंसियां**

**न्यूजर्सी:** चार साल पहले, एक युवा भारतीय लड़की संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यू जर्सी शहर से गायब हो गई थी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने जांच के बाद उनका नाम मोस्ट वांटेड व्यक्तियों की सूची में डाल दिया है। यहां तक कि, संगठन ने उसे सौंपे जाने पर बड़ी धनराशि देने की भी घोषणा की है! एफबीआई ने कहा कि वे युवती के ठिकाने के बारे में जानकारी देने वाले को 10,000 डॉलर का इनाम देंगे। भारतीय मुद्रा में यह रकम करीब साढ़े आठ लाख रुपये है। लड़की का नाम मयुषी भगत (29) है। कुछ साल पहले वह पढ़ाई के लिए अमेरिका चले गए। वह 19 अप्रैल, 2019 को न्यू जर्सी से लापता हो गए। जब वह अपार्टमेंट से बाहर निकला तो उसने रंगीन पायजामा और काली टी-शर्ट पहन रखी थी।

मयुषी के परिवार ने उसी साल 1 मई को न्यू जर्सी सिटी पुलिस विभाग में शिकायत दर्ज कराई। तब से साढ़े चार साल बीत गए, लेकिन छात्रा का पता नहीं चल सका है और न ही उसके लापता होने की गुत्थी सुलझ पाई है। एफबीआई ने हाल ही में जांच अपने हाथ में ली है। खुफिया एजेंसी ने इस संबंध में जर्सी सिटी पुलिस की मदद लेने के अलावा जनता से भी मदद मांगी है। ज्ञात हो कि एफबीआई ने इस साल जुलाई में मायुषी का नाम अपनी लापता सूची में जोड़ा था। हाल ही में उन्होंने अपने मोस्ट वांटेड पेज पर युवती की फोटो पोस्ट कर मदद करने और लड़की को ढूंढने पर आर्थिक इनाम देने की घोषणा की है।

---

# जुकरबर्ग ने बनाया ए आई वाला सबसे तेज सुपर कंप्यूटर



**एजेंसियां**


**वाशिंगटन:** मार्क जुकरबर्ग की कंपनी मेटा ने दुनिया का सबसे तेज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सुपरकंप्यूटर विकसित किया है। पिछले दो साल की कोशिशों में आखिरकार उन्हें सफलता मिली। 2020 में जापान के सुपरकंप्यूटर फुगाकू को ।दुनिया का सबसे तेज एआई सुपरकंप्यूटर। का खिताब मिला। इस बार वह मेटा से आगे निकलने वाला है। जुकरबर्ग की कंपनी द्वारा बनाए गए नए एआई सुपरकंप्यूटर का नाम एआई रिसर्च सुपरक्लस्टर है। मेटा इसे संक्षेप में आरएससी कह रहा है। जनवरी 2022 में, जुकरबर्ग ने फेसबुक पर दुनिया के सबसे तेज ए आई सुपरकंप्यूटर के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। मेटा अधिकारियों ने कहा कि आरएससी उन्हें अपने न्यूरल नेटवर्क को मजबूत करने में मदद करेगा। इसके जरिए रियल-टाइम वॉयस का आसानी से अनुवाद किया जा सकता है। नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसर जीपीटी 3 में 17,500 कोटिन पैरामीटर्स का न्यूरल नेटवर्क है। इस मामले में आरएससी के पास लाखों पैरामीटर हैं।

---

**घटना**

### घने कोहरे से पलटी गाड़ी में ऐसी वारदात

# घायल ट्रक ड्राइवर पड़ा रहा, मुर्गी लूट ले गये लोग



- घने कोहरे में करीब 24 गाड़ियां आपस में टकरा गईं
- लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के चालक की खैर लेने के बाद उस पर लदी मुर्गियां लूट ली

**राष्ट्रीय खबर**

**आगरा:** घने कोहरे के कारण सड़क पर कई वाहन टकरा गए। एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इसी क्रम में मुर्गे ले जा रहा एक ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के मौके पर स्थानीय लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के चालक की खैर लेने के बाद उस पर लदी मुर्गियां लूट ली। बताया जाता है कि घने कोहरे में करीब 24 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को बचाने और अस्पताल पहुंचाने के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को हटाने के लिए क्रेन को मौके पर लाया गया। उस वक्त स्थानीय लोगों ने एक क्षतिग्रस्त मुर्गी वाले ट्रक में तोड़फोड़ की। इस घटना के वीडियो में देखा जा सकता है कि कई लोग मुर्गियों को घर ले जा रहे हैं। कई लोग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर भी आये। शायद उन्होंने सोचा, वाहन के साथ, वे कई बार घटनास्थल से मुर्गी जल्दी से ले जा सकते हैं।

बताया गया है कि ट्रक में 500 मुर्गियां थीं। जिसकी कीमत डेढ़ लाख रुपये है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुधवार सुबह आगरा में एक दुर्घटना में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को बचाया गया और स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। इसके अलावा, दुर्घटना से प्रभावित वाहनों को सड़क से हटाने के लिए क्रेन तैनात की गई हैं। एक वीडियो में दिखाया गया है कि इलाके में एक ट्रक सहित कम से कम तीन वाहन दुर्घटना में शामिल हुए हैं। घने कोहरे के कारण दृश्यता लगभग शून्य हो जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। वैसे सोशल मीडिया पर मुर्गियां ले भागते लोगों की तस्वीरें उजागर होने की वजह से पुलिस अब तस्वीरों के आधार पर मुर्गी लूटने वालों की तलाश में जुट गयी है। जानकार बताते हैं कि चेहरा पहचान होने के बाद भी माल बरामद होने की कोई उम्मीद नहीं है। मुफ्त में मिली अधिकांश मुर्गियों को आनन फानन में भोजन बनाया जा चुका है।

---

### पाकिस्तान के खैबर पख्तुनवा की सूचना आम हुई

# नदी से सोना चुन रहे हैं गांव के लोग



**एजेंसियां**

**लाहौर:** सुनहरी नदी, ऐसी कहानियाँ परियों की कहानियों में नहीं, बल्कि इस वास्तविक दुनिया में हैं। सोना वास्तव में नदी के पानी में पाया जाता है। वैसे भी सोना एक ऐसी धातु है जो दुनिया में दुर्लभ है और इसकी मांग बहुत अधिक है। दुनिया की अर्थव्यवस्था को पलट दोइस पीली धातु में युद्ध की शक्ति होती है। मौजूदा दुनिया आने वाले दिनों में सोने के रुख को बड़ी दिलचस्पी से देख रही है। ऐसे में एक गांव में नदी से सोना निकालने का काम चल रहा है।धरती के गर्भ में छिपा है सोना। विभिन्न देशों में सोने की खदानें हैं। लेकिन इस दुनिया में कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां नदी के पानी से सोना निकाला जाता है। यद्यपि वह कृत्य विधि सम्मत नहीं है। हर दिन हजारों लोग सरकारी प्रतिबंधों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। दावा है कि ग्रामीण इस सोने को बाजार में बेचकर लाखों रुपये कमा रहे हैं। हालात ये हैं कि अब ठेकेदार कंपनियां भी नदी की तलहटी में कूद पड़ी हैं। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के नौशहरा जिले में एक नहीं बल्कि कई गांवों में ऐसे काम होते हैं। दरअसल, सिंधु नदी इन सभी गांवों से होकर बहती है। इसका नाम गांव के अंदर अबासिन नदी है। इसके बेसिन में सोने के कण पाए जाते हैं। हर दिन हजारों लोग रेत हटाकर सोना अलग करने और उसे शुद्ध करने का काम करते हैं।

## पर्यटन स्थल पर चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

रांचीः नव वर्ष को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जिलों के एसएसपी और एसपी को निर्देश जारी किये हैं। पुलिस मुख्यालय ने पर्यटन स्थलों की सुरक्षा को लेकर सभी जिलों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी कर दिये हैं। पुलिस मुख्यालय ने विशेष शाखा से मिले सूचना के आधार पर यह आदेश जारी किये हैं। एसएसपी,एसपी को जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी जिलों में पड़ने वाले पर्यटन और पिकनिक स्थलों पर विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

# हेमंत सरकार के 4 सालः ईडी के समन से घबराने वाला नहीं, देश कानून से चलता हैः मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** सरकार के चार साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने पत्रकारों के हर सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों में हमारी सरकार ने हर तबके के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने आने के निमंत्रण मिलेगा तो वो जाने की जरूर कोशिश करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि वो विपक्ष की चुनौतियों से नहीं घबराते हैं। ईडी के समन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश में कानून व्यवस्था है, कोई भी काम लोकतांत्रिक तरीके से ही होगा। मैं डरने वाला नहीं और भागने वाला भी नहीं। संवैधानिक संस्था पर भी आरोप लगते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचे, हमारी पूरी कोशिश रहती है। उन्होंने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है तब से विपक्ष उसे गिराने में लगा हुआ है, लेकिन हम घबराने वाले नहीं हैं।



### हेमंत सरकार के 4 सालः लोकतंत्र में चेहरा दल नहीं जनता बनाती हैः मुख्यमंत्री

रांचीः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वो बीजेपी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। इंडिया गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल में कहा कि लोकतंत्र में चेहरा दल नहीं बनाते हैं, जनता बनाती है। वक्त आने पर इंडिया गठबंधन का चेहरा भी जनता बना देगी। सरकारी कार्यालयों मे भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह भी हमें विरासत में मिला है। इस दिशा में कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी यह नहीं कह सकता हूं, लेकिन इसका स्तर पूरी तरह से नीचे कर दिया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि अगर किसी को भ्रम है कि सरकार को डराकर अपना काम निकलवा लेंगे, वो मुमकिन नहीं है।

### केंद्र से कम सहयोग मिलने के बावजूद हमारी सरकार ने हर वर्ग के लिए बेहतर काम कियाः मुख्यमंत्री

मीडिय से बात करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोरोना का दौर खत्म होने के बाद हमारी सरकार राज्य के विकास को लेकर और तेजी से काम करने लगी। उन्होंने कहा कि वादे के अनुसार हमने झारखंड के सभी वर्गों के लिए काम करना शुरू किया। विकास अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति तक पहुंचे, इसे लेकर हमारी तरफ से पूरा प्रयास किया जा रहा है। इसलिए हमने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसका मुख्य उद्देश्य यही है कि हम गांव- गांव पहुंचकर लोगों से उनकी समस्या को जाने, उनका समाधान करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड एक पिछड़ा राज्य है, फिर भी हमने पूरी कोशिश की कि हमारी योजना कारगर तरीक से धरातल पर उतरे। उन्होंने कहा कि केंद्र से हमारी सरकार को जो सहयोग मिलना चाहिए था, वो कम मिला। फिर भी हमने सभी वर्ग के लोगों के लिए योजना बनाने का काम किया।

### डबल इंजन की सरकार में राज्य पिछड़ता चला गया, अब हो रहा है कामः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में नियुक्ति और रोजगार को लेकर कहा कि हमने हर क्षेत्र में बहालियां की हैं। कई बहालियों के लिए पहली बार नियमावली बनी है। अनुबंधकर्मियों को स्थायी करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे काम हो रहा है। चीजें जो पहले गड़बड़ थीं उसे ठीक किया जा रहा है। पेंशन को लेकर भी कारम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा काम है कि सभी के पास योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। पहले जहां कुछ भी नहीं मिलता था, आज वहां थोड़ा बहुत हमने पहुंचाने को कोशिश की है। जब हमारे पास पूरे संसाधन हो जाएंगे तो हमारी कोशिश रहेगी कि लाभुकों तक योजना का लाभ पूरी तरह से और अच्छी मात्रा में पहुंचे। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के लिए भी बहुत काम किया जा रहा है। उसे मैं खुद देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों में क्या काम किया कि राज्य अभी तक पिछड़ा ही रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब नई तकनीक से किसानों के खेत में पानी पहुंचेगा। इसकी व्यवस्था हमारी सरकार ने की है। आने वाले समय में किसान इससे लाभान्वित होंगे।

### जिस तरह से वे राजनीति करते हैं, उन्हें खून-खराबा करने का काम करना चाहिएःसीएम

रांचीः सीएम हेमंत सोरेन ने बीजेपी के साथ गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी में शामिल होने या बीजेपी के साथ गठबंधन करने का कोई सवाल ही नहीं है। आज जिस तरह से वे लोग राजनीति में काम करते हैं, लगता है कि उन्हें राजनीति छोड़कर खून-खराबा करने का काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इससे पहले भी हमने राजनीति करने वाले लोगों के बारे में जाना है। लेकिन वर्तमान समय में जिस तरीके के राजनीतिक परिवेश बने हैं। वैसी स्थिति में कुछ भी कहना उचित नहीं है।क्या इंडिया अलायंस को 2024 का चुनाव चेहरे के साथ लड़ना चाहिए या बिना चेहरे के? इस विषय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र का चेहरा जनता बनाती है और जनता ही चुनती है। जनता अपना चेहरा खुद बनाती है। हालांकि, यह बताते हुए हेमंत सोरेन ने अपनी कोई स्पष्ट मंशा जाहिर नहीं की।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भ्रष्टाचार हमें विरासत में मिला है। लेकिन हम इस बात से इनकार नहीं कर रहे हैं कि थाना या किसी अन्य जगह पर काम करने के बाद रिश्वत नहीं मांगी जाती। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इस पर काम शुरू कर दिया है, इसमें थोड़ा वक्त लगेगा। लेकिन हम इसमें सुधार कर के रहेंगे। भ्रष्टाचार की जड़ें सिर्फ यहीं नहीं हैं, यह लगभग हर किसी के घर के हर कोने में बैठी है। डीसी कार्यालय और बीडीओ कार्यालय की ईंट-गिट्टी की दीवारें गायब हो गयी हैं, बल्कि दलालों की दीवारें बन गयी हैं। अब इस चीज को बदलने का समय आ गया है और लोगों ने इस पर काम करना शुरू कर दिया है। वृद्धा और विधवा पेंशन के लिए दलाल पैसा लेते थे। लेकिन अब इसे बंद कर दिया गया है।

### वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने के लिए हमारी सरकार ने बेहतर काम कियाः हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार के चार साल होने के मौके पर मीडिया से संवाद किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने चार साल के कार्यकाल को लेकर विस्तार से बात की। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के चार साल पूरे हो रहे हैं। इन चार सालों में हमने पूरी इमानदारी से काम किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने के चंद दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना फैल गई। आशंका जताई जा रही थी कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में इसका काफी बुरा असर पड़ेगा। लेकिन हमारी सरकार ने कोरोना का डटकर सामना किया। सरकारी कोशिशों का ही नतीजा रहा कि राज्य में कोरोना से काफी कम हानि हुई। हालांकि कोरोना से लड़ते-लड़ते दो मंत्री शहीद हो गए।

### गांव के मजबूत होने पर राज्य का संपूर्ण विकास संभवः मुख्यमंत्री

हेमंत सरकार के 4 साल होने के अवसर पर मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत जनता गांव में रहती है। उन्होंने कहा कि राज्य के संपूर्ण विकास के लिए गांव का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड एक युवा राज्य है। इसे बने 23 साल हो गए। लेकिन इसे मजबूत करने का मौका सबसे ज्यादा विपक्ष के लोगों को मिला, लेकिन उन्होंने यह जिम्मेदारी सही से नहीं निभाई, यह कोई नहीं कह सकता कि आने वाले 25 सालों में झारखंड सभी तरह की चुनौतियों के लिए तैयार है। पिछले चार सालों में हमारी सरकार ने झारखंड की सारी कमजोरियां, कमियों को खत्म करने का प्रयास किया है।

## एडीजी अभियान ने प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार से किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** डीजीपी के निर्देश पर महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से झारखण्ड एटीएस के द्वारा पिछले कई वर्षों से आतंक का पर्याय रहा गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को 15 मई 2023 को मुंबई के वाशी से गिरफ्तार किया गया था। अमन श्रीवास्तव 27 जघन्य आपराधिक कांडों में वाछित था और वो वर्ष 2015 से फरार चल रहा था।अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी में महाराष्ट्र के डीजी सदानंद दाते के निर्देशन में एसपी शीला दिनकर साइल और एवं वरीय पुलिस निरीक्षक आधिकराव पोल एवं



उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त अभियान में शामिल महाराष्ट्र एटीएस के पुलिस पदाधिकारियों को झारखंड के डीजीपी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया गया था। गुरुवार को एटीएस डीजी सदानंद दाते एवं स्पेशल पुलिस महानिरीक्षक एटीएस अनिल कुम्भारे की उपस्थिति में महाराष्ट्र एटीएस के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर के द्वारा अभियान में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को झारखंड डीजीपी ने प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार (दो लाख रुपये) प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित एटीएस डीजी एवं अन्य पदाधिकारियों को झारखण्ड एटीएस का स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।

### छात्र संगठनों ने जड़ा ताला

**रांचीः** रांची विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पस भवन छात्र संगठनों ने ताला जड़ दिया है। छात्र संगठनों ने पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम और रिजल्ट में अनियमितता का आरोप लगाया है। छात्र संगठन के लोगों का कहना है कि यूनिवर्सिटी ने 27 दिसंबर को जो रिजल्ट जारी किया है, वो अधूरा है। उन्होंने कुलपति अजित कुमार सिन्हा से रिजल्ट की कॉपी दिखाने की मांग की है। उनका कहना है कि आरयू ने परीक्षा का न तो आंसर की जारी की और ना ही कार्बन कॉपी दी। परीक्षा के दो दिन बाद ही रिजल्ट जारी कर दिया।

## पढ़े लिखे शिक्षितों पर अनपढ़ ठग भारी, हर माह ठगे जाते हैं दर्जनों

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**साईबर क्राइम का अब लोगों ने पैटर्न बदल दिया। इस पैटर्न से साइबर ठगों को पिछले दिन गोडा में दो साइबर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और जब उनसे पूछताछ की, तो जो उनलोगों ने बात बतायी वह आपको आश्चर्य में डाल देगा। इन अभियुक्तों में से एक ने चार कक्षा तक पढ़ाई की थी, जबकि दूसरा ने सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की है, लेकिन उनके कारनामा बड़े बड़े शिक्षित लोगों का भी कान काट ले। ठगों ने पुलिस का बताया कि पहले बैंक एकाउंट, आधार कार्ड नंबर, मोबाइल नंबर के आधार पर एकाउंट से राशि उड़ा ली जाती थी, लेकिन इसके लिए काफी मेहनत करना पड़ता था। एटरैडम



फोन करके उनके बैंक एकाउंट या फिर एटीएम के छह डिजिट की मांग किया करते थे। सौ व्यक्ति से मोबाइल में बात किया करते थे, तो मात्र 10-15 व्यक्ति ही फंसते थे। और अब लोग इतना जागरूक हो चुके हैं कि कोई ओटीपी भी नहीं देना चाहते हैं। इसलिए हमलोगों ने ओटीपी लेने का तरीका ही चेंज कर लिया है। अब लोग ओटीपी भी दे देते हैं और उन्हें परेशानी नहीं होती है। इसके लिए एक एनी एप नामक एप डाउन लोड किया जाता है। इसके माध्यम से ग्राहकों के बैंक एकाउंट खाली करने में परेशानी नहीं होती है और पुलिस को धरपकड़ करने भी परेशानी हो जाती है। इस एप के माध्यम से वैसे ग्राहकों के नाम चुने जाते हैं, जो किसी भी ऑन लाइन मार्केट से परचेज के लिए ऑर्डर दे रखा हो और किसी कारण से उसके सामान की डिलिवरी नहीं हो पाई हो। वह व्यक्ति कंपनी के फोन पर रिंग कर अपने सामान की डिलिवरी की जानकारी लेता है। हमलोगों द्वारा वैसे ग्राहकों को कहते हैं कि आपका डिलिवरी का पता मिसमैच हो गया है, इसलिए अपना फ्रेश एड्रेस अपने मोबाइल नंबर भेजें। इसके लिए पांच रुपये का रजिस्ट्रेशन फी भुगतान करना होगा। और उन्हें एनी एप डाउन लोड करने की सलाह दी जाती है। वह व्यक्ति एनी एप डाउन लोड कर राशि भेजने को कहा जाता है। जैसे ही वह पांच रुपये ऑन लाइन ट्रांसफर करता है, उसके पास ओटीपी चला जाता है। इसके बाद उस व्यक्ति को ओटीपी देने में परेशानी नहीं होती है। ओटीपी मिलते ही उसके खाते में जितनी राशि होती है, उड़ा ली जाती है। उसके खाते में जितनी राशि होती है, सभी उड़ा लिये जाते हैं। पहले 10 हजार रुपये निकाले जाते हैं, उसके बाद संबंधित व्यक्ति के बैंक एकाउंट डिटेल लेने के बाद पूरी राशि दूसरे के खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। पुलिस से बचने के लिए एनी एप का उपयोग किया जाता है। सिम भी दूसरे नाम से प्राप्त किये जाते है। सिम के लिए दो हजार रुपये का भुगतान किया जाता है। जिसके खाते में पैसा डाला जाता है, उस व्यक्ति को भी बतौर 30 फीसदी राशि कमीशन के रुप में दिया जाता है। यह तो हुआ सामान डिलिवरी के माध्यम से खाते से पैसा उड़ा देना।

